इंदौर, मंगलवार 02 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 31
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

निर्वाचन आयोग ने सांवेर टीम को किया सम्मानित



पेज-2

ओटीटी ने दिया नए किरदारों का बड़ा मौका - मोना सिंह



पेज-5

बीआरटीएस की रेलिंग 15 दिन में हटाए-कोर्ट



पेज-6

### मामला एचएलएल द्वारा बीवीजी कंपनी को सुरक्षा और हाउसकीपिंग का कार्य सौंपे जाने का

# डीन के भुगतान नहीं किए जाने के फरमान के बाद भी दागी कंपनी ने संभाल लिया है काम



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • संचालनय, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए एचएलएल ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के अन्य शा. मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा और हाउसकीपिंग के कार्य की जिम्मेदारी 1 दिसंबर से बीवीजी प्रायवेट लिमिटेड कंपनी को सौंप दी। बीवीजी के कार्य से असंतुष्ट होकर ही एचएलएल ने पांच मेडिकल कॉलेज से टर्मिनेट किया था। वहीं संचानलनालय ने स्पष्ट आदेश दिए हुए है कि ऐसी किसी भी कंपनी को एचएलएल कार्य न सौंपे, जिसे पूर्व में टर्मिनेट किया गया हो। इसके बाद भी बीवीजी को एचएलएल ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्परताल का कार्य सौंप दिया है और अपने कर्मचारी तैनात कर दिए हैं।

### .... नहीं किया जाएगा भुगतान

बीवीजी को कार्य सौंपे जाने पर एमजीएमम मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कल डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, एचएलएल, इन्फ्रा टेक सर्विसेज को लिखा है। इसमें लिखा गया है कि संचालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के द्वारा आपको चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर में साफ-सफाई, सुरक्षा के कार्य के संबंध में सूचित किया गया था, कि ऐसी किसी फर्म को सेवाएं चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर में नहीं दी जाए जिसको पूर्व में टर्मिनेट किया गया है। संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में बीवीजी इंडिया लिमिटेड को कार्य सौंपा गया है। बीवीजी को पूर्व में सेवाओं की गुणवत्ता में कमी के आधार पर एचएलएल संस्था द्वारा ही टर्मिनेट किया जा चुका है। स्पष्ट है कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन किया जाकर आपके द्वारा उक्त कार्य सौंपा गया है। इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि उक्त फर्म बीवीजी इंडिया लिमिटेड के कार्यों से संबंधित किसी प्रकार के देयकों का भुगतान चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर द्वारा नहीं किया जाएगा।

### क्या है एचएलएल कंपनी...?

एचएलएल इन्फाटेक लिमिटेड भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड की सहायक कंपनी है, जो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचा विकास और चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए काम करती है। यह अस्पतालों के लिए परामर्श, चिकित्सा उपकरण और फर्नीचर की खरीद, और परियोजना प्रबंधन जैसी सेवाएं प्रदान करती है। इस कंपनी को केंद्र सरकार ने मप्र के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा, सफाई के साथ ही अन्य आउटसोर्स स्टॉफ रखने की जिम्मेदारी सौंपी थी। एचएलएल द्वारा उक्त कार्यों के लिए अन्य निजी कंपनियों को जिम्मेदारी दी हुई है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अब तक एजाइल कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी थी, इसके स्थान पर बीवीजी को जिम्मेदारी सौंपी है। एमवायएच में चूहा कांड के चलते एजाइल पर गाज गिरी थी।

#### नोटिस के बाद भी नहीं मानी एचएलएल

इसके पूर्व इसी प्रकार का नोटिस एचएलएल को 'चालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल 28 नवंबर को डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, एचएलएल, इन्फ्रा टेक सर्विसेज को सौंपा था और इसमें भी स्पष्ट किया गया था कि टर्मिनेट की गई कंपनी को कार्य की जिम्मेदारी न सौंपी जाए, इसके बाद भी कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई, तो किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

एचएलएल के जिम्मेदारों का दम देखिए कि नोटिस के बाद भी स्वयं द्वारा दागी करार दी गई कंपनी को न सिर्फ कार्य करने के आदेश दिए, बल्कि 1 दिसंबर से कर्मचारी को बीवीजी की लोगो लगी ड्रेस पहना अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज में तैनात कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक एमजीएम मेडिकल कॉलेज में तो डीन ने कर्मचारियों से यहां तक कह दिया कि इस प्रकार की ड्रेस पहनकर यहां कार्य न करें।

# विधानसभा में विधायकों के सवालों पर उठ गए सवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • विधानसभा का शीत सत्र शुरू होने से पहले सदन में विधायकों द्वारा उठाए जाने वाले सवालों पर ही सवाल उठ खड़े हो गए हैं। कांग्रेस के पांच विधायकों ने विधानसभा के मॉनसून सत्र में उनके द्वारा पूछे गए सवालों का मजमून बदले जाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर शिकायत की है।

कुछ विधायकों ने तो इसे विशेषाधिकार हनन बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई तक की मांग की है। तीन माह पहले लिखे गए यह शिकायती पत्र शीत सत्र से ठीक पहले सामने आने पर विधानसभा सचिवालय की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिन विधायकों ने सवालों का बदले जाने की शिकायत की है, उनमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, तराना विधायक महेश परमार शामिल हैं। इससे पहले विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान श्योपुर विधायक बाबू जंडैल सिंह ने भी सदन में उनके द्वारा पूछे गए सवाल को बदल दिए जाने का आरोप लगाया था। विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि कई बार विधायक शब्द सीमा से ज्यादा लंबे सवाल पूछ लेते हैं।



#### 5 विधायक और उनके सवाल, जो बदले जाने के आरोप

■ मानसून सत्र के दौरान चार सवाल पूछे थे, जिनमें प्रदेश स्तर की जानकारी मांगी थी, लेकिन सचिवालय ने उनकी इजाजत के बगैर इसे धार जिले तक सीमित कर दिया। ये विधायकों के विशेषाधिकार का हनन है।
– **प्रताप ग्रेवाल**, विधायक सरदारपुर

■ उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित प्रश्न में प्राइवेट यूनिवर्सिटी में फीस निर्धारण की प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी थी। लेकिन विस सचिवालय ने प्रश्न में संशोधन कर उसकी मूल भावना को बदल दिया।
–**बाला बच्चन**, विधायक राजपुर

■ 1 जुलाई 2024 को स्नातक कॉलेजों में सुविधाओं के अभाव को लेकर सवाल किया था। लेकिन उत्तर में उन्हें गलत जानकारी दी गई। दिसंबर 2024 में हुए शीतकालीन सत्र में प्रश्न 673 के जरिए गलत जानकारी पर आपत्ति दर्ज कराई तो उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन में स्वीकार किया कि गलत जानकारी दी गई थी। गलती करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी नहीं दी गई।
– **जयवर्धन सिंह**, विधायक राघौगढ़

■ शीत सत्र के दौरान 29 जुलाई को लगाए सवाल में लाडली बहना योजना में मुरैना जिले से जुड़ी जानकारी मांगी थी, लेकिन सवाल को बदलकर प्रदेश स्तर का कर दिया गया। सवाल की भाषा और भावार्थ भी बदल दिया गया, जिससे प्रश्न का औचित्य ही खत्म हो गया। यह विशेषाधिकार का हनन है।
–**पंकज उपाध्याय**, विधायक जौरा

■ जुलाई 2025 के मानसून सत्र में उज्जैन के कृषि विभाग में भ्रष्टाचार, अनियमितता और लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू के मामलों से जुड़ा सवाल लगाया था। सवाल नंबर 345 के बिंदु क्रमांक 2, 3 और 4 को प्रश्नोत्तरी से ही हटा दिया। इन बिंदुओं में भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी।
– **महेश परमार**, विधायक तराना

### मुख्यमंत्री की सेल्फी...



**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को गोपाल मंदिर में भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की और वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं पुजारी के साथ सेल्फी ली।

# हर स्मार्टफोन में आएगा संचार साथी एप चाह कर भी नहीं कर पाएंगे डिलीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारत के दूरसंचार मंत्रालय ने सभी स्मार्टफोन कंपनियों से कहा है कि वे अपने नए फोन में एक सरकारी साइबर सेफ्टी ऐप पहले से ही डालकर बेचें। रायटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे ऐपल जैसी कंपनियों के साथ झगड़े का डर है, क्योंकि ऐपल आम तौर पर ऐसे आदेश पसंद नहीं करती। यह ऐप डिलीट नहीं किया जा सकेगा और यही बात टेक कंपनियों खासतौर पर एप्पल के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।

**सायबर सेफ्टी एप :** भारत के दूरसंचार मंत्रालय ने सभी स्मार्टफोन कंपनियों से कहा है कि वे अपने नए फोन में एक सरकारी साइबर सेफ्टी ऐप पहले से ही डालकर बेचें। इससे ऐपल जैसी कंपनियों के साथ झगड़े का डर है, क्योंकि ऐपल आम तौर पर ऐसे आदेश पसंद नहीं करती। यह ऐप डिलीट नहीं किया जा सकेगा और यही बात टेक कंपनियों खासतौर पर एप्पल के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। भारत में 1.2 अरब से ज़्यादा मोबाइल यूज़र हैं, इसलिए ये दुनिया का सबसे बड़ा फोन मार्केट है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में लॉन्च हुए इस ऐप ने 7 लाख से ज़्यादा खोए हुए फोन ढूंढने में मदद की है। इनमें से अकेले अक्टूबर में 50,000 फोन खोए थे। सैमसंग, वीवो, ओप्पो और श्याओमी जैसी कंपनियाँ पहले सरकारी एंटी-स्पैम ऐप के मामले में दूरसंचार नियमों से टकरा चुकी थीं। अब एप्पल को भी इस नए नियम का पालन करना होगा।

### न्यूज ब्रीफ

- कर्नाटक : डीके शिवकुमार के घर पहुंचे सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम और उनके भाई ने किया स्वागत
- बम की धमकी मिलने पर मुंबई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, हैदराबाद से कुवैत जा रहा था विमान
- महाराष्ट्र में 264 नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायत चुनाव के लिए मतदान शुरू
- राजस्थान : पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे आईएसआई एजेंट प्रकाश सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- चीन ने श्रीलंका को राहत पैकेज के तौर पर 10 लाख डॉलर की सहायता दी
- बोधगया में अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह, 27 देशों से 20 हजार श्रद्धालु जुटेंगे
- कंगना रनौत के खिलाफ पंजाब कोर्ट में आज सुनवाई
- एसआईआर के खिलाफ केरल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई
- दिल्ली दंगों के आरोपियों शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई

# महिला कांग्रेस की पहली बार इंदौर से भोपाल तक कल निकलेगी वाहन रैली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश में महिला कांग्रेस के इतिहास में पहली बार 3 दिसंबर को इंदौर से भोपाल तक वाहन रैली निकाली जाएगी। इस रैली का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा करेंगी। लांबा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया भोपाल जाकर पदभार ग्रहण करेंगी।

महिला कांग्रेस की मध्यप्रदेश की अध्यक्ष का दायित्व एक बार फिर इंदौर की महिला नेत्री को मिला है। इस पद पर नियुक्त किए जाने के बाद रीना बौरासी सेतिया द्वारा 3 दिसंबर को कार्यभार ग्रहण किया जाएगा। उन्हें कार्यभार दिलाने के लिए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज इंदौर पहुंच रही हैं। इसके लिए इंदौर से वाहनों की रैली शुरू होगी। यह रैली सुबह 8.30 बजे शुरू होकर अरबिंदो अस्पताल होते हुए सांवेर पहुंचेगी। वहां से बड़ोदिया खान, तपोभूमि होकर देवास, सोनकच्छ, मेघवाड़ा, जावर, आष्टा, सीहोर होते हुए दोपहर में 1 बजे भोपाल पहुंच जाएगी। भोपाल में रीना बौरासी के कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजयसिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

### व्यवस्था | बीआरटीएस कॉरिडोर के यूनिपोल लगाए जाएंगे.. अभी इस टेंडर का पहला तकनीकी मूल्यांकन होगा

# 18 एजेंसी ने टेंडर में यूनिपोल किराए पर लेने के लिए दिए ऑफर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बीआरटीएस कॉरिडोर के यूनिपोल के लिए 18 एजेंसी मैदान में आई हैं। सिटी बस कंपनी द्वारा जारी किए गए टेंडर पर इन एजेंसियों द्वारा ऑफर दिए गए हैं। अभी इस टेंडर का पहला तकनीकी मूल्यांकन होगा। उसके बाद में आर्थिक ऑफर खोले जाएंगे। बस कंपनी ने यह यूनिपोल किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया। बस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि अंतिम तिथि तक कुल 18 एजेंसी द्वारा यूनिपोल किराए पर लेने के लिए अपने ऑफर ऑनलाइन टेंडर में दिए गए हैं।

**टेंडर का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा :** अब सभी टेंडर का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें तकनीकी रूप से जो एजेंसी सही पाई जाएगी, उसके वित्तीय ऑफर को ओपन किया जाएगा। जिस एजेंसी द्वारा सबसे ज्यादा राशि का ऑफर दिया गया होगा, उसे मंजूरी देकर यह यूनिपोल प्रचार सामग्री लगाने के लिए हैंडओवर किए जाएंगे। इस कॉरिडोर पर 27 यूनिपोल हैं। इसमें 33000 स्क्वेयर फीट प्रचार सामग्री प्रदर्शन का स्थान है। इन यूनिपोल को 3 साल के लिए ठेके पर देने 33 लाख रुपए प्रतिमाह किराए के रूप में बीआरटीएस कॉरिडोर में कुल 27 यूनिपोल पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए 33000 स्क्वेयर फीट का क्षेत्र है। इस क्षेत्र के लिए का टेंडर जारी किया गया है। 18 एजेंसी ने टेंडर में यूनिपोल किराए पर लेने के लिए अपने ऑफर दिए है बीआरटीएस कॉरिडोर के यूनिपोल लगाए जाएंगे।

33 लाख रुपए प्रतिमाह किराए के रूप में सिटी बस कंपनी को दिए जा रहे थे। बस कंपनी के अधिकारियों द्वारा मार्च में यह ठेका समाप्त करने के बाद से उक्त यूनिपोल को वापस किराए पर देने का कोई टेंडर ही जारी नहीं किया गया। धीरे-धीरे 7 महीने का समय गुजर गया। उसके बाद जाकर आठवें महीने में सिटी बस कंपनी द्वारा इन सभी यूनिपोल को प्रचार सामग्री के प्रदर्शन के लिए किराए पर देने का टेंडर जारी किया गया है। अभी यह टेंडर ऑनलाइन है।




#### सिटी बस कंपनी ने कंपनी का टेंडर समाप्त कर दिया था

इस कॉरिडोर पर सिटी बस कंपनी द्वारा लगाए गए 27 यूनिपोल हैं। बस कंपनी द्वारा उक्त यूनिपोल पर विज्ञापन के प्रदर्शन का ठेका जिस कंपनी को दिया हुआ था। इस कंपनी को जो ठेका दिया गया था मार्च 2025 में सिटी बस कंपनी द्वारा इस टेंडर को समाप्त कर दिया गया था। जिस समय यह टेंडर समाप्त किया गया उस समय इस कंपनी द्वारा बीआरटीएस कॉरिडोर में लगे यूनिपोल पर विज्ञापन का प्रदर्शन करने के एवज में सिटी बस कंपनी को 100 प्रति वर्गफीट प्रतिमाह की राशि दी जा रही थी।

न्यूज ब्रीफ

### लक्की राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● परिवर्तन शिक्षित समाज (रजि.) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर युवा समाजसेवी लक्की राठौर(हर्ष) का देपालपुर के एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने भगवा दुपट्टा पहना कर स्वागत वंदन अभिनंदन कर उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाजसेवी पीथमपुर के शमहेश बैरागी, पंकज साधु,अजय मोदी व उपस्थित वरिष्ठजन एवं समाज के कार्यकर्तगण ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रदान की।

### एक लम्हा ज़िंदगी - ए लव स्टोरी (1938-1979) नाटक का सफल मंचन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विद्यासागर स्कूल परिसर में श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के तत्वावधान में 'एक लम्हा ज़िंदगी' नाटक का भव्य आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों हेतु एकजुट थिएटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत इस नाटक ने मानवीय संवेदनाओं, प्रेम और ऐतिहासिक परिवेश को प्रभावशाली ढंग से मंच पर उतारा। विख्यात लेखिका एवं निर्देशिका जूही बब्बर सोनी द्वारा अभिनीत यह प्रस्तुति प्रेम, संघर्ष और वैचारिक जिजीविषा की शाश्वत कथा को दर्शाती है। नाटक 1938 से 1979 के उस भारत को सामने लाता है, जब देश स्वतंत्रता की दहलीज पर था और सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन तीव्र गति से हो रहे थे। इन ऐतिहासिक परिवर्तनों की पृष्ठभूमि में पनपी यह प्रेम कथा केवल दो व्यक्तियों की भावनाओं का चित्रण नहीं है, बल्कि उस समय के समाज और राष्ट्र के मनोभावों को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। दर्शकों ने नाटक को बेहद सराहा और इसकी संवेदनशील प्रस्तुति की प्रशंसा की।

### स्वाहा के मंत्रो से गूंज उठा गंगा धाम, सैकड़ो भक्तों ने की यज्ञशाला की परिक्रमा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवगुराडिया पहाड़ी स्थित श्री श्री 1008 नरसिंह पुरी डेरा गंगा धाम में चल रहे नौ दिवसीय नवकुंडात्मक श्री नर्मदा महायज्ञ में सोमवार को 80 हजार आहुतियां विश्व कल्याण की कामना के साथ हवन कुंड में समर्पित की गई। यह आयोजन ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 नरसिंह पुरी महाराज की कृपा से हो रहा है। महायज्ञ में 2 दिसंबर तक आहुतियां दी जाएगी। मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ ही विशाल भंडारा आयोजित होगा। नवकुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ गंगा धाम के महंत विभूति पुरी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है।

## पुलिस लाउड स्पीकर से अनाउंसमेंट कर दे रही सख्त कार्रवाई की चेतावनी

# मोहल्ला समिति की बैठकों में भी चाइनीज मांझा पर बात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चाइनीज मांझे से नाबालिग की मौत होने के बाद अब पुलिस घर-घर जाकर चाइनीज मांझे के खिलाफ लोगों का जागृत कर रही है। जनसंवाद में इसके साथ ही पतंगों की दुकानों भी चैकिंग की जा रही है। पुलिस लाउड स्पीकर से भी पूरे शहर में अनाउंसमेंट कर चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दो रही है।

शहर में अपराधों पर नियंत्रण के लिए चैकिंग व कार्यवाही के साथ ही आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित कर बेहतर सामुदायिक पुलिसिंग के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम, मोहल्ला समिति की बैठकें व जनजागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित कर रही है। सोमवार को इंदौर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा बस्तियों, मोहल्लों कालोनियों, मल्टियों आदि में आमजन के बीच जाकर मोहल्ला बैठकों का आयोजन किया गया। जिसके तहत पुलिस थाना संयोगितागंज क्षेत्रान्तर्गत पतंग दुकानदारों के साथ एसीपी संयोगितागंज द्वारा मीटिंग कर चाइनीज मांझा उपयोग न करने व इसके विक्रय पर प्रतिबंध की जानकारी दी। पुलिस थाना कनाडिया क्षेत्रान्तर्गत श्रीजी वैली, संपत हिल्स कॉलोनी में टीम ने रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया और आसपास पतंगों की दुकान पर चेंकिंग की गई। पुलिस थाना लसूडिया क्षेत्रान्तर्गत तलावली चांदा में टीम ने रहवासियों के साथ जनसंवाद किया गया और आसपास की पतंगों की दुकान पर चेंकिंग की गई। पुलिस थाना राऊ क्षेत्रान्तर्गत पतंग की दुकानों पर चैकिंग व लोगो को समझाईश दी गई। पुलिस थाना विजय नगर क्षेत्रान्तर्गत पतंग की दुकानों पर चैकिंग व लोगो को समझाईश दी गई। पुलिस थाना एमआईजी क्षेत्रान्तर्गत नेहरू नगर में आमजन से जनसंवाद किया गया और पतंग दुकानों पर चैकिंग की गई। साथ ही थाना क्षेत्र में मोबाइल वाहन के माध्यम से अनाउंसमेंट कर चाइनीज मांझे का उपयोग न करने की समझाईश दी। पुलिस थाना परदेशीपुरा. क्षेत्रान्तर्गत पतंग दुकानों पर चैकिंग की गई और थाना क्षेत्र में मोबाइल वाहन के माध्यम से अनाउंसमेंट कर चाइनीज मांझे का उपयोग न करने की समझाईश दी गई। पुलिस थाना खजराना क्षेत्रान्तर्गत राजीव नगर बडला व गांधी ग्राम में मोहल्ला मीटिंग कर चाइनीज मांझा उपयोग न करने व इसके विक्रय के सम्बंध में सूचना देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस थाना तिलक नगर क्षेत्रान्तर्गत पतंग की दुकानों पर चैकिंग व लोगो को समझाईश दी गई। इस दौरान सभी को विशेष तौर पर चाइनीज मांझे के उपयोग से होने वाले पक्षियों व इंसानों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं व दुष्परिणामों के संबंध मे जानकारी दी और इसके विक्रय पर प्रतिबंध के बारें में भी अवगत कराया गया।




### चाइनीज मांझे के 200 रोल, दो पर केस

छत्रीपुरा पुलिस ने प्रतिबंधित चाइना मांझा के खिलाफकार्रवाई की और 200 चाइना धागन रोल के साथ दो आरोपियों को बंदी बनाया। पुलिस ने रेडियो चौक बियाबानी पर एक व्यक्ति देव पिता रमेश ओटकर निवासी रेडियो चौक को रोका और उसके पास से चाइनीज धागे का एक रोल मिला। पूछताछ करने पर बताया कि यह चाइनीज धागा रोल वह समीर मेव निवासी मेवाती मोहल्ला से लेकर आया है। पुलिस ने बताए पते पर छापामार कार्रवाई की। आरोपी समीर मेव पिता शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला की दुकान से 200 प्रतिबंधित चाइना रोल के गट्टे बरामद किए।

## निर्वाचन आयोग ने सांवेर टीम को किया सम्मानित

# सांवेर ने बाजी मारी, लक्ष्य से पहले ही की टारगेट की पूर्ति



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआइआर) के तहत जिला इंदौर में विधानसभा सांवेर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पुनरीक्षण कार्य में तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सांवेर विधानसभा क्षेत्र द्वारा सर्वप्रथम 100 प्रतिशत ई-फॉर्म (ईएफ) डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया गया है, जो पूरे जिले के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सचिव विनोद कुमार तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन विजय पवार ने सांवेर टीम को कलेक्टर कार्यालय में सम्मानित किया।

सम्मानित अधिकारियों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी घनश्याम धनगर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूनम तोमर, विकास रघुवंशी, शिवशंकर जारोलिया शामिल थे। इस उपलब्धि को टीम भावना, समयबद्धता और तकनीक के प्रभावी उपयोग का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह की पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित कार्यप्रणाली जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

### शहर में एड्स दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (नाको), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विदित है कि संपूर्ण विश्व में सन् 1988 से प्रतिवर्ष 01 दिसंबर 'विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसके प्रति समझ में सुधार लाना एवं बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति एक जुटता दिखाना। यह दिवस एक वैश्विक पहल भी है जो लोगों को एड्स के बचाव के बारे में शिक्षित करती है और एड्स से जान गवाने वालों को याद करती है। यह दिवस एड्स से संबंधित गलतफहमियों को दूर करने और लोगों के साथ भेदभाव न करने की प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का दिन भी है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम है 'Overcoming Disruption Transforming the AIDS ResponseÓ (व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना) ' कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम जिला इंदौर के अंर्तगत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रातः 08 बजे राजबाड़ा से गांधी हॉल तक भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई।

# पत्रकारों ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पिछले दिनों इंदौर के आरटीओ परिसर में कवरेज करने गए पत्रकार साथी हेमंत शर्मा और कैमरामैन राजा के साथ हुई मारपीट और लूट के मामले में एफआईआर दर्ज हुए 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। दो दिन बाद पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। इसी को लेकर पत्रकारों में रोष बढ़ता जा रहा है।

घटना के बाद से लगातार पत्रकार संगठन आरोपी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सोमवार दोपहर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम के नेतृत्व में शहर के 100 से अधिक पत्रकारों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर अपनी बात रखी। पत्रकारों ने कहा कि आरटीओ परिसर में दिनदहाड़े पत्रकारों पर हमला न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाता है, बल्कि यह मीडिया की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। उन्होंने मांग की कि सभी आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए और आरटीओ परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पत्रकारों ने यह भी कहा कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई नहीं करती, तो पूरे शहर में आंदोलन किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने पत्रकारों को आश्वासन दिया है कि फरार आरोपियों को जल्द ही पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ परिसर में हुई यह घटना पत्रकार सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करती है। कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ मारपीट और लूट जैसी घटनाएँ न केवल भय का वातावरण पैदा करती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका को भी कमजोर करती हैं।

# प्रशासन अवैध रूप से गैस रिफिलिंग व भंडारण पर कर रहा कार्रवाई, लेकिन गैस गोदामों पर मेहरबान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला प्रशासन शहर में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन शहर के बीचों-बीच कॉलोनियों, मार्केट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रसोई गैस सिलेंडरों के गोदाम नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं, फिर भी उन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि ये गोदाम किसी भी समय बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं। जहां जरा-सी चूक से पूरा इलाका मौत के मुहाने पर पहुंच सकता है। यहां सालों से खुलेआम गैस स्टोरेज हो रहा है और ट्रकों से सिलेंडर पटककर गोदाम में ले जाया जाता है।

**गैस गोदाम के नियम :** गैस गोदाम के लिए केंद्र सरकार और फायर विभाग ने कई नियम तय किए हैं, लेकिन शहर में इनका पालन कहीं दिखाई नहीं देता। भमोरी और तुकोगंज जैसे कई स्थानों पर न खाली स्पेस है, न सुरक्षा, न आग बुझाने की तैयारी। एक किमी की दूरी तो बहुत दूर की बात है। चारों तरफ 7 से 9 मीटर तक खाली जगह होना अनिवार्य है, ताकि किसी दुर्घटना में एरिया को सुरक्षित खाली कराया जा सके। मेस्टिंग फ्लोरिंग जरूरी, जिससे सिलेंडर गिरने पर चिंगारी न निकले। फायर विभाग की एनओसी और केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक्सप्लोसिव विभाग की मंजूरी भी जरूरी है। फूड एंड सप्लाय डिपार्टमेंट की एनओसी। घनी आबादी से कम से कम 1 किमी दूर गोदाम होना चाहिए। फायर-फाइटिंग सिस्टम हर समय सक्रिय होना चाहिए।



कुछ दूरी पर ही एचपी कंपनी का गोदाम भी है। दोनों गोदामों के बीच दिनभर छोटी लोडिंग गाड़ियां, ऑटो और सप्लाय वाहन खड़े रहते हैं, जो घर-घर में जाकर सप्लाय करते हैं। इस दौरान आगजनी से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं दिखते हैं, जबकि मेनरोड से हजारों लोग आवाजाही करते हैं और सुबह व शाम के समय घटों तक गोदाम के सामने ट्रैफिक में फंसे रहते हैं।

एमजी रोड, जहां दिन-रात लोगों की आवाजाही रहती है, यहां रोड से महज 50 मीटर अंदर सालों से इंडेन गैस का गोदाम संचालित हो रहा है। आसपास बहुमंजिला इमारतें, आवासीय फ्लैट, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड स्टॉल और पास में बड़ा मॉल है। ऐसे घनी आबादी वाले एरिया में गैस गोदाम की अनुमति देना ही बड़ा सवाल है। गोदाम के बाहर और अंदर कई छोटी लोडिंग गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जो सिलेंडर लेकर घर-घर सप्लाई करने जाती हैं, जबकि नियम स्पष्ट है कि भीड़भाड़ वाले इलाके में, खासकर जहां ज्वलनशील गतिविधियां (रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड) चल रही हों, वहां इस प्रकार का स्टोरेज किसी भी हालत में सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। शाम के समय यहां इतना ट्रैफिक रहता है कि गाड़ियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हादसा होने पर हजारों लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। इसके बावजूद न नगर निगम, न फायर विभाग और न ही प्रशासन की ओर से कभी कोई कार्रवाई की जाती है।

### दोपहिया वाहन पंचर होने पर सुधरवाने जा रहा था, अचानक गिरा तो फिर नहीं उठा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में एक युवक की सड़क पर हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह दोपहिया वाहन पंचर होने पर उसे हाथ में ले जा रहा था। तभी अचानक गिरा और फिर नहीं उठा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो सामने आया है। घटना सोमवार दोपहर जनता क्वार्टर क्षेत्र में हुई। यहीं रहने वाला एक 27 वर्षीय युवक एक्टिवा पंचर होने उसे घर से 300 मीटर दूर स्थित दुकान पर सुधारने जा रहा था। वह उसे कुछ आगे गया और फिर रुका। संभवतः वह हांफ रहा था। उसने संभलने की कोशिश की लेकिन फिर एक्टिवा सहित वहां खड़ी कार के पास गिर गया। कुछ लोगों का ध्यान गया तो उन्होंने उसे उठाया। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक उसकी पहचान विनीत पिता संजय जनता क्वार्टर के रूप में हुई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया।

## मुख्यमंत्री पहुंचे देर रात इंदौर के रेन बसेरा में...



**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में दलाल बाग स्थित आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने नागरिकों को कंबल बांटे।

### शहीद गौतम जैन वीरता सम्मान से विंग कमांडर दीपेश जैन सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा लेफ्टिनेंट शहीद गौतम जैन की पावन स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया,पूरा आयोजन देशभक्ति से ओतप्रोत रहा,जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। गौतम जैन वीरता सम्मान से विंग कमांडर दीपेश जैन को सम्मानित किया। आयोजन के विशिष्ट मुख्य अतिथि मेजर जनरल राजेश छावा ने कहा कि हम रहे ना रहे देश मजबूत होना चाहिए, प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश के प्रति सकारात्मक विचार रखे एवं ब्रिगेडियर संजीव कुमार रहे।

# नेमीनाथ चौराहे से जिंसी के बीच 1 किमी तक उखड़ी सड़क, गिट्टी-धूल से व्यापारी परेशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वॉर्ड 8, जोन 20 में नगर निगम ने नेमीनाथ चौराहे से जिंसी चौराहे के बीच एक किमी रोड को नर्मदा और ड्रेनेज लाइन डालने के लिए दोनों साइड से खोद दिया है। व्यापारियों का कहना है कि लाइन डालने के बाद निगम ने सिर्फ गिट्टी भरकर काम खत्म मान लिया है, लेकिन यह गिट्टी अब उनके लिए परेशानी बन गई है। इस रोड से संगम नगर, मरीमाता और उज्जैन की ओर जाने वाले वाहन गुजरते हैं। जैसे ही कोई वाहन स्पीड में निकलता है, गिट्टी टायरों से उछलकर सीधे दुकानों तक पहुंच जाती है। दिनभर उड़ती धूल के कारण दुकानदारों को अपनी दुकानें खुली रखना मुश्किल हो जाता है। धूल कम करने के लिए वे दिन में तीन से चार बार सड़क पर पानी का छिड़काव करते हैं, लेकिन 15-20 मिनट में फिर धूल की परत दुकान और सामान पर जम जाती है। रास्ता खराब होने से ग्राहकी भी कम हो गई। लोग वाहन लेकर इस तरफ आने से बचते हैं। व्यापारियों की शिकायत यह है कि सड़क को खुदे हुए चार साल हो चुके हैं, लेकिन निगम ने अब तक फाइनल लेयर नहीं डाली है। दिवाली के तुरंत बाद सड़क की दूसरी साइड भी खोद दी गई थी, पर काम आधे में ही छोड़ दिया गया। लगभग 15 से अधिक व्यापारियों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न निगम के अधिकारी मौके पर आए और न ही समस्या को गंभीरता से लिया । पार्षद और विधायक तक जानकारी देने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही।



सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, मंगलवार 02 दिसंबर 2025

## न्यूज ब्रीफ

### खाटू श्याम मंदिर पर मोक्षदा एकादशी, शाम को हुई भजन संध्या

**इंदौर** ● नवलखा स्थित साजन नगर में भक्तों के सहयोग से नवनिर्मित खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर आज सुबह मोक्षदा एकादशी गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि शाम को भजन गायक पं. गोपाल मिश्रा एवं अन्य कलाकारों की भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बाबा की अखंड ज्योत के दर्शन भी हुए। मंदिर पर प्रत्येक एकादशी को खाटू श्याम बाबा का मनोहारी श्रृंगार कर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

### प्रख्यात आचार्य शांतनु महाराज के श्रीमुख से सात दिवसीय श्रीराम शौर्य कथा का शुभारंभ

**इंदौर** ● अन्नपूर्णा रोड, दशहरा मैदान स्थित रामायण वाटिका पर श्रीराम शौर्य कथा का शुभारंभ मंगलवार 2 दिसम्बर को सुबह 10 बजे भव्य सरयू कलश यात्रा के साथ होगा। रणजीत हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर यह दिव्य और भव्य कलश यात्रा नरेन्द्र तिवारी मार्ग से होते हुए दशहरा मैदान स्थित कथा स्थल पहुंचेगी। अयोध्या के विषय विख्यात मानस मर्मज्ञ आचार्य शांतनु महाराज एवं शहर के सभी प्रमुख धर्म स्थलों के संत विद्वान भी इस कलश यात्रा में सुसज्जित बग्घियों में विराजित होकर धर्मप्रेमी नागरिकों का अभिनंदन करेंगे। यात्रा में भजन एवं गरबा मंडलियाँ, बैंड - बाजे, ढोल-ढमाके, शहनाई की मंगल ध्वनि के बीच सैकड़ों महिलाऐं अयोध्या की पवित्र सरयू नदी का जल मस्तक पर रखे कलश में लेकर चलेंगी। मार्ग में 30 संगठनों की ओर से कलश यात्रा के स्वागत एवं पुष्प वर्षा तथा श्रद्धालुओं की अगवानी के इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु 25 कार्यकर्ता साथ चलेंगे। एक बड़े रथ पर 10 फीट ऊँचे कलश में भी सरयू का जल रहेगा। कथा स्थल पर गुजरात के कलाकारों ने 1.51 लाख रुद्राक्ष से 13 फीट ऊँचे शिवलिंग का निर्माण किया है जहाँ प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से आम लोग निशुल्क दर्शन, पूजन एवं जलाभिषेक कर सकेंगे।

# मप्र में 5-6 दिसंबर से पड़ेगी कड़ाके की ठंड पहाड़ों में बर्फबारी से सर्द हवाएं भी आएंगी

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्यप्रदेश में 5 या 6 दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू होगी। वहीं कोल्ड वेव यानी, शीतलहर भी चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 5 दिसंबर से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। पहाड़ों में बर्फबारी होगी और फिर बर्फीली हवाओं का असर एमपी में दिखेगा। मंगलवार से रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। नवंबर में रिकॉर्ड तोड़ने वाली तेज सर्दी का असर दिसंबर, जनवरी और फरवरी तक बना रहेगा। इससे पहले रविवार-सोमवार की रात में भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। बड़े 5 शहरों में इंदौर में सबसे कम 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 9.4 डिग्री, ग्वालियर-उज्जैन में 12 डिग्री और जबलपुर में पारा 11.8 डिग्री रहा। प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 6.8 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़ में 8.2 डिग्री, रीवा-नौगांव में तापमान 9.5 डिग्री रहा। शिवपुरी, बैतूल, खजुराहो, खंडवा, दतिया, छिंदवाड़ा में पारा 12 डिग्री से नीचे रहा।

### दिन में ठंडक घुली...पारा 23 डिग्री तक आया

दूसरी ओर, सोमवार दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बालाघाट का मलाजखंड सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी-शिवपुरी में 24.2 डिग्री, सिवनी में 24.6 डिग्री, बैतूल में 24.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 25 डिग्री, टीकमगढ़ में 25.2 डिग्री भोपाल-धार में 25.6 डिग्री, रीवा में 25.8 डिग्री रहा।




### नवंबर में रिकॉर्ड तोड़ चुकी है सर्दी

इस बार नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में लगातार 15 दिन तक शीतलहर चली। रिकॉर्ड के अनुसार, साल 1931 के बाद शीतलहर के यह सबसे ज्यादा दिन है। दूसरी ओर, 17 नवंबर की रात में पारा 5.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो ओवरऑल रिकॉर्ड भी रहा। इससे पहले 30 नवंबर 1941 में तापमान 6.1 डिग्री रहा था। इंदौर में भी पारा 6.4 डिग्री ही रहा। यहां भी सीजन की सबसे सर्द रात रही। 25 साल में पहली बार पारा इतना लुढ़का। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन बताती हैं, इस बार उत्तरी राज्यों में नवंबर के पहले ही सप्ताह में बर्फबारी होने लगी। इस वजह से ठंडी हवाएं प्रदेश में पहुंची। आखिरी सप्ताह में हवा की दिशा बदल गई। जिससे ठंड का असर कम रहा है।

### ठंड के लिए दिसंबर-जनवरी खास

मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं। इसलिए टेम्प्रेचर में अच्छी-खासी गिरावट आती है। सर्द हवाएं भी चलती हैं। पिछले 10 साल के आंकड़े यही ट्रेंड बताते हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से दिसंबर में मावठा भी गिरता है। इससे दिन में भी सर्दी का असर बढ़ जाता है।




## एआरटी केंद्र में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● डॉ.अरविन्द घनघोरिया अधिष्ठाता एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज इंदौर, डॉ.अशोक यादव अधीक्षक एम.वाय अस्पताल इंदौर, डॉ.धर्मेंद्र झवर विभागाध्यक्ष मेडिसीन विभाग एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज इंदौर , डॉ.माधव हसानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला इंदौर , डॉ.अशोक ठाकुर नोडल अधिकारी ए.आर.टी केंद्र एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज इंदौर, डॉ.शैलेन्द्र जैन नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति जिला इंदौर, डॉ.संजय हवलदार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ए.आर.टी केंद्र, डॉ.निशा बंजारे चिकित्सा अधिकारी ए.आर.टी केंद्र, सिस्टर रोशिना , विश्वास संस्था समस्त मेडिसीन विभाग, समस्त ए.आर.टी केंद्र , दिशा प्रोजेक्ट, विश्वास संस्था, टी.आई परियोजन के इस आयोजन में सभी की गरिमामयी उपस्थिति रही और 250 मरीजों की सहभगिता रही। डॉ.अरविन्द घनघोरिया डीन महोदय के द्वारा नाको के दिये गये 95:95:95 टारगेट पूर्ण करने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया एवं मरीजों को समय पर दवाइओं लेने हेतू प्रोत्साहित किया गया। डॉ.अशोक यादव संबोधन में ए.आर.टी केंद्र के इतिहास एवं कार्यों शैली बताई। डॉ.माधव हसानी द्वारा ए.आर.टी केंद्र द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई, डॉ.अशोक ठाकुर नोडल अधिकारी के द्वारा ए.आर.टी केंद्र पर सोशल प्रोटेक्शन के अंर्तगत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। डॉ.संजय हवलदार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ए.आर.टी केंद्र द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मदनी सपा के एजेंट, थूक-लव और लैंड जिहाद फैलाया -रविन्द्रपुरी

**भोपाल (एजेंसी)** ●भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी की बैठक में शनिवार को मौलाना महमूद मदनी के विवादित बयान के बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने मदनी को समाजवादी पार्टी का एजेंट बताकर उन्हें थूक, पेशाब, लव और लैंड जिहाद फैलाने वाला बता दिया।

मौलाना महमूद मदनी ने भोपाल में कहा था कि मौजूदा दौर में इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने की कोशिशें बढ़ गई हैं। जिहाद जैसे मुकद्दस शब्द को आतंक और हिंसा से जोड़ना जानबूझकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा था

लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद जैसे शब्द मुसलमानों को बदनाम करने के लिए गढ़े गए हैं। इस्लाम में जिहाद का मतलब अन्याय और जुल्म के खिलाफ संघर्ष है। जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा।



मदनी के विवादित बयान के बाद देशभर में कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दीं। सोमवार को उज्जैन में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि मौलाना मदनी हमेशा हिंदु-मुस्लिम को लेकर बयान देते हैं वे सपा के एजेंट हैं, हम उनको सीरियस नहीं लेते। 2028 में चुनाव है वो चाहते हैं कि सपा को कैसे फायदा हो, उन्हें ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए। पूरे हिन्दुस्तान में उन्होंने लव, लैंड, पेशाब और थूक जिहाद फैला रखा है। अब कौन-सा जिहाद बाकी है, इस आदमी की मानसिकता ठीक नहीं है और ऐसे बयान देना उचित नहीं है।

## जर्मनी के दल ने विस्तार से देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी के सदस्य् सुश्री जोर्डिस फ्लोदर, श्री राहुल ठाकुर सोमवार से बुधवार तक मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी इंदौर क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र के कार्यों के अवलोकन के लिए आए हैं। जर्मनी की सुश्री जोर्डिस फ्लोदर के नेतृत्व में इंदौर पहुंचे दल का पोलोग्राउंड बिजली कंपनी मुख्यालय में स्वागत मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। दल ने सोमवार अपराह्न स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य् देखने के लिए इंदौर शहर में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया। शहर के मनोरमागंज क्षेत्र में उन्होंने बहुमंजिला इमरातों में एक साथ दर्जनों उपभोक्ताओं के लिए विशेष पैनल्स पर लगे स्मार्ट मीटरों के फायदे देखे, उपभोक्ताओं से चर्चा भी की। इधर सुखलिया क्षेत्र के पिकंसिटी में दल ने वितरण ट्रांसफार्मर पर स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य एवं इससे होने वाले सकारात्मक बदलाव की जानकारी ली। शाम को स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर में गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य अभियंता एसएल करवाड़िया, श्रीमती सुषमा गंगराड़े, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्रीमती कीर्ति सिंह आदि मौजूद थे। जर्मनी से आया उक्त दल दौरे के अंतर्गत अगले दो दिवस इंदौर शहर की अन्य साइड विजिट करने के साथ ही दल धार व उज्जैन भी जाएगा।

# मानव मात्र को बिना किसी भेदभाव के कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है गीता-स्वामी रामदयालजी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●गीता जैसे दिव्य ग्रंथ मानव मात्र के लिए हर युग में मार्गदर्शक है। वेदों और उपनिषदों का भी निचोड़ है-गीता। गीता मनुष्य को कुरुक्षेत्र के मैदान में खड़े अर्जुन की तरह हर संशय के मौके पर दिव्य दृष्टि प्रदान करती है। गीता के श्रवण, मनन, मंथन और चिंतन से मनुष्य अहंकार मुक्त हो सकता है। तमोगुण की अधिकता से ही विनाश का मार्ग प्रशस्त होता है। मनुष्य को यदि आत्म निरीक्षण, आत्म कल्याण और आत्म मंथन करना है तो गीता का आश्रय लेना चाहिए, क्योंकि यह वह अदभुत और अनुपम सृजन है जो विज्ञान की कसौटी पर भी खरा उतरा है। गीता मानवमात्र को बिना किसी भेदभाव के अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती है।

ये दिव्य विचार हैं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य, जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज के, जो उन्होंने गीता भवन में चल रहे 68वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव में मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती के मुख्य महोत्सव की महती धर्मसभा में व्यक्त किए। इसके पूर्व सुबह हजारों भक्तों एवं देश के विभिन्न तीर्थस्थलों से आए संतों ने गीता के 18 अध्यायों का सामूहिक पाठ किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान का पुण्य लाभ भी उठाया। सामूहिक पाठ का समापन गीताजी की महाआरती के साथ हुआ। महोत्सव का शुभारंभ सुबह आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में विद्वान ब्राह्मणों ने भगवान शिव का सहस्त्रार्चन करने के बाद भगवान शालिग्राम के श्रीविग्रह पर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ से सामूहिक पूजन एवं अभिषेक कर आरती भी की। राजेश गर्ग केटी, संजीव कोहली एवं सत्संग समिति के सदस्यों ने सभी संत विद्वानों का स्वागत किया। मंच का संचालन डाकोर से आए स्वामी देवकीनंदन दास ने किया।



## नवंबर में शहर में 27 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इंदौर शहर में नवंबर माह में 27 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली वितरित की गई हैं। इस तरह प्रतिदिन औसतन 90 यूनिट बिजली वितरण हुआ हैं। नवंबर 25 में नवंबर 24 की तुलना में 5 फीसदी ज्यादा बिजली मांग दर्ज हुई। नवंबर 25 में दैनिक अधिकतम विद्युत मांग 493 मैगावाट दर्ज हुई, जबकि एक ही दिन में अधिकतम विद्युत खपत 3 नवंबर 25 को 1.34 करोड़ यूनिट दर्ज हुई हैं।

## एमवाय हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग द्वारा बड़ा ट्यूमर ऑपरेशन कर लगभग 15 किलो की दो गठाने निकाली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमवाय हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग में एक 50 वर्षीय महिला मसाली बाई जो कि ग्राम - दबिया, जिला - खरगोन की निवासी हैं। उनके पेट में दो बड़ी गठानों के साथ विभागाध्यक्ष की यूनिट में भर्ती हुई थी, इनकी जांच के दौरान पाया गया कि पेट में बहुत बड़ा ट्यूमर है, उनका ऑपरेशन किया गया और लगभग 15 किलो की दो गठाने निकाली गईं। और मरीज की जान बचाई गई। मरीज के सफ़ल ऑपरेशन के बाद आज डिस्चार्ज किया गया । यह ऑपरेशन विभागाध्यक्ष डॉ अरविन्द शुक्ला एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सोमेन भट्टाचार्जी की टीम जिसमें डॉ अविनाश गौतम, डॉ उपेन्द्र पाण्डेय एवं डॉ रामेंद्र गुर्जर एवं अन्य जूनियर चिकित्सक मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद गुरु तेग बहादुर के 350 वे बलिदान वर्ष पर सिख समाज द्वारा जाल सभागृह कार्यक्रम आयोजित किया गया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीथ नवाथे (प्रान्त कारवाहक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मालवा प्रान्त ) ने बताया कि गीता जी मे जो उपदेश दिया गया है कि गुरु परंपरा को अपने कर्म मे उतारे। तेगबहादुर जी कि शहादत महर्षि दधीच के बाद दधीच जी जैसी ही शहादत थी जिसे कभी नहीं भुला जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत के बाहर के पंथ और हमारे भारत के पंथ मे यही अंतर है कि हम बंधुत्व को मानते है और यही हमारा सूत्र है और तेगबहादुर जी ने अस्तित्व, अस्मिता के साथ बधुत्व को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि सभी चाहते है कि उनका धर्म संप्रदाय बढे पर अपने धर्म का प्रचार प्रचार के बढे, धर्म को कँवर्ट कर कभी भी नहीं बढे। स्वामी विवेकानन्द जी ने भी अन्य देशो मे हमारे धर्म के बारे मे बताया पर कभी किसी भी धर्म को बदल कर दूसरे धर्म मे जाने के लिए नहीं कहा।

उन्होंने बताया कि देश मे जितने आक्रांता आये उनमे अधिकतर पंजाब कि और से आये जिसे पंजाब ने अपने उपर झेला और हिन्दुओ कि रक्षा कि। सुरजीत सिंह जी टुटेजा ने कार्यक्रम कि प्रस्तावना रखी जिसमे गुरु टैग बहादुर जी कि बहादुरी एवं बलिदान के बारे मे सभी को बताया एवं जन्म मरण से उपर परोपकार हे का सन्देश दिया। परम गौ सेवी संत अच्युतानद महाराज ने अपने उद्बोधन मे हमें हर गुरु ने यही सिख दी है कि हम धर्म के लिए अपना शीश दे सकते है पर कभी धर्म नहीं बदल सकते।

# सादगी से विवाह कार्यक्रम कराकर मुख्यमंत्री ने दिया संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●हाल ही में 30 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने बेटे डॉक्टर अभिमन्यू यादव का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में करके जनता को विवाह समारोह में तामझाम और फिजूलखर्ची की बजाय बचत का एक अनूठा संदेश दिया है... मुख्यमंत्री की प्रेरणा का अनुसरण करते हुए सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय तथा ओबीसी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पूर्व प्रदेश महासचिव तथा वरिष्ठ समाजसेवी सदाशिव यादव काका ने अपने भतीजे का विवाह 1 दिसंबर को गंजी कंपाउंड नेताजी सुभाष मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में सादगी पूर्ण ढंग से किया... सदाशिव यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का संदेश सभी के लिए प्रेरक है और हम तो सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही विवाह करने के लिए तैयार थे... किंतु देरी होने के कारण हम उसमें विवाह नहीं कर पाए इसीलिए आज हमने आर्य समाज मंदिर में सादगी पूर्ण विवाह करके मुख्यमंत्री डॉ के संदेश को आत्मसात किया है और सभी लोगों से अनुरोध करते हैं कि शादी विवाह में व्यर्थ का दिखावा फिजूल खर्ची करने की बजाय सादगी पूर्ण ढंग से विवाह समारोह करें यादव ने कहा कि कई बार देखने में आता है कि अनेक लोग शादी विवाह में दिखावा करने के चक्कर में कर्जा लेकर कर्जदार भी बन जाते हैं और बाद में लंबे समय तक कर्ज नहीं चुकाने का तनाव झेलते हैं...।

# सम्पादकीय

## कई प्रजातियों का विलुप्त होना पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश का सूचक

पशु-पक्षियों और अन्य जीवों की कई प्रजातियों का विलुप्त होना पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश का सूचक है और इस मसले को हर स्तर पर गंभीरता से लेने की जरूरत है। भारत में कई जीव-जंतुओं की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इस बीच पूर्वोत्तर में हाल ही में उभयचर जीवों की तेरह नई प्रजातियों के अस्तित्व की खोज वास्तव में राहत भरी है। मानव समाज विविध एवं गहन पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है और जब जीवों की प्रजातियां कम या खत्म होने लगती हैं, तो इस तंत्र की कड़ियां भी टूटने लगती हैं। वर्तमान में भले ही इसका प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से नजर न आए, लेकिन भविष्य में इसका नतीजा निश्चित रूप से भयावह रूप में सामने आएगा। जिन उभयचरों की नई प्रजातियां मिली हैं, उनमें से छह अरुणाचल प्रदेश, तीन मेघालय और एक-एक असम, मिजोरम, नगालैंड तथा मणिपुर में पाई गई हैं। जाहिर है कि ये प्रजातियां कभी अच्छी-खासी तादाद में रही होंगी, लेकिन पर्यावरण में बदलाव, जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों से उपजी स्थितियों के कारण इनकी संख्या इतनी कम हो गई कि ये वर्षों तक इंसानी नजर से भी ओझल रहीं। दरअसल, पशु-पक्षियों और अन्य जीवों की कई प्रजातियों का विलुप्त होना पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश का सूचक है और इस मसले को हर स्तर पर गंभीरता से लेने की जरूरत है। देश की जैव विविधता का नियमित तौर पर दस्तावेजीकरण होना चाहिए, ताकि विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों को पहचान कर उनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा सकें। इस संकट की गहराई का आकलन संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच की एक रपट से किया जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया भर में कशेरुकी यानी रीढ़ वाले जीवों की 680 प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और करीब दस लाख प्रजातियों पर इसी तरह का खतरा मंडरा रहा है। भारत में गौरैया चिड़िया भी इसी संकट से गुजर रही है। अलग-अलग रपटों के मुताबिक, चालीस वर्षों में देश में गौरैया की तादाद साठ-पैंसठ फीसद तक कम हो गई है। कुछ वर्ष पहले तक गौरैया के संरक्षण के लिए कई स्तरों पर विशेष मुहिम शुरू हुई थी, लेकिन वक्त के साथ ये प्रयास दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

# आज का हर मानव अर्जुन है, और गीता उसका कृष्ण



मानव जीवन का हर चरण एक नए कुरुक्षेत्र की तरह सामने खड़ा होता है-संघर्षों, दुविधाओं और निर्णयों से भरा हुआ। परिस्थितियाँ बदलती हैं, युग बदलते हैं, साधन बदलते हैं, पर मनुष्य का मूल संकट वही रहता है: क्या सही है, क्या कर्तव्य है, क्या चुनें, कैसे चलें? यही मन की वह स्थिति है जिसमें आज का हर मनुष्य कहीं न कहीं संकोच और भ्रम से ग्रस्त, कर्तव्य और मोह के बीच डांवाडोल अर्जुन बन जाता है और ऐसे हर क्षण पर गीता उसकी कृष्ण बनकर सामने आती है, मार्ग दिखाती है, मन को स्थिर करती है, और जीवन-दर्शन के सत्य को उजागर करती है।

कुरुक्षेत्र की भूमि किसी दूर अतीत की स्मृति मात्र नहीं; वह हर उस क्षण में जीवित है जब मनुष्य अपने निर्णयों के भार से दब जाता है। अर्जुन का धनुष आज के जीवन में हर भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के हाथ में है, फिर चाहे वह विद्यार्थी हो, परिवार का सदस्य, कर्मचारी, नेता, व्यापारी ,उद्यमी, किसान या नागरिक। मोह, अपेक्षाएँ, भ्रम, दबाव और परिणामों की चिंता व्यक्ति को उसी तरह विचलित करती है जैसे अर्जुन युद्ध के द्वार पर विचलित हुआ था। ऐसे समय में गीता का यह संदेश कि कर्म मनुष्य के हाथ में है, फल नहीं,आज के अनिश्चित, प्रतियोगी और तनाव से भरे वातावरण में मानसिक संतुलन की सबसे बड़ी कुंजी है। आधुनिक मनोविज्ञान भी यही कहता है कि व्यक्ति प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करे, परिणाम पर नहीं।

कर्मयोग का सिद्धांत आज के कार्यस्थल में ही नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। आसक्ति रहित कर्म करने का विचार 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता' (इमोशनल इंटेलिजेंस), 'कार्य-जीवन संतुलन' (वर्क-लाइफ बैलेंस) और 'मानसिक स्वास्थ्य' (मेंटल वेल-बीइंग) के आधुनिक सिद्धांतों से कहीं अधिक गहरा और व्यावहारिक है। गीता का यह संदेश कि मनुष्य कर्म करते समय जितना अपेक्षाओं और अहंकार से मुक्त होगा , वह उतना ही अधिक संतुलित और सफल होगा, गीता को केवल आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधन की सर्वश्रेष्ठ संदर्भ ग्रंथ स्थापित करती है।

कृष्ण अर्जुन से संवाद करते हुए न आदेश देते हैं, न दबाव बनाते हैं; वे तो अर्जुन की मन:स्थिति को समझते हुए उसके भ्रम का धैर्यपूर्वक समाधान करते हैं, और उसे कर्तव्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। आज के प्रभावी नेतृत्व की कसौटियाँ जैसे सहानुभूति, जागरूकता, संवाद और प्रेरणा आदि सभी आदर्श रूप में कृष्ण-अर्जुन संवाद में देखने को मिलती हैं। आधुनिक प्रबंधन में 'रूपांतरणकारी नेतृत्व' (ट्रांसफ़ॉर्मेशनल लीडरशिप) का जो सिद्धांत पढ़ाया जाता है, वह गीता के नेतृत्व दर्शन का ही आधुनिक रूप है।

अविश्वसनीय लेकिन सत्य यह है कि गीता का मनोवैज्ञानिक पक्ष आज विज्ञान द्वारा प्रमाणित है। इच्छाओं और क्रोध पर नियंत्रण, मन की स्थिरता, विचारों का अनुशासन और ध्यान का अभ्यास आधुनिक मनोचिकित्सा में संज्ञानात्मक चिकित्सापद्धति (कॉग्निटिव थेरेपी) और सचेतन ध्यान (माइंडफुलनेस) के रूप में उपयोग किए जाते हैं। 'स्थितप्रज्ञ' का आदर्श उस व्यक्ति की छवि है जो परिस्थितियों के उतार-चढ़ाव में भी संतुलित रहता है; आज की भाषा में यही धैर्य-सामर्थ्य (रेज़िलिएंस) और भावनात्मक स्थिरता (इमोशनल स्टैबिलिटी) है।

गीता का धर्म संकीर्ण धार्मिकता नहीं, बल्कि कर्तव्य और नैतिकता का विज्ञान है। यह बताता है कि सही वही है जो व्यापक हित और सत्य पर आधारित हो। आज जब समाज मूल्य-संकट, भ्रष्टाचार, नैतिक भ्रम और आत्मकेंद्रित प्रवृत्तियों से जूझ रहा है, गीता का यह उपदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि मनुष्य अपने कर्तव्य को पहचानकर, सत्य और न्याय के मार्ग पर चले। यही संदेश अर्जुन को दिया गया था, और वही संदेश आज के मानव को चाहिए।

गीता की प्रासंगिकता का वैश्विक प्रभाव और स्वीकारता इसे और भी अधिक प्रमाणिक ग्रंथ स्थापित करती है। गांधी से लेकर आइंस्टीन और ओपेनहाइमर तक, विश्व के अनेक महान विचारकों ने गीता से प्रेरणा ली। भारत सहित रूस, फ्रांस, अमेरिका तथा जापान तक में गीता पर शोध होते रहे हैं और आज भी हो रहे हैं। हार्वर्ड, एम.आई.टी. और अन्य वैश्विक विश्वविद्यालयों में गीता को नेतृत्व, नैतिकता और मनोविज्ञान के संदर्भ में पढ़ाया जा रहा है। यह अपने आप में सिद्ध करता है कि गीता किसी विशेष समुदाय की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की ज्ञान-पुस्तक है।

आज का मानव अतीत से अधिक तनाव, असंतुलन और अनिश्चितता का सामना कर रहा है। भविष्य की चिंता और अतीत का भार उसके वर्तमान को खोखला तक कर देता है। ऐसे विषम परिस्थितियों में गीता उसे यह कला सिखाती है कि वर्तमान में कैसे जिया जाए, जीवन को कैसे संतुलित रखा जाए, और कैसे अपने भीतर के अर्जुन को शक्ति प्रदान की जाए। यही कारण है कि गीता आज केवल प्रासंगिक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य हो उठती है।

अंतत: सत्य यही है कि जीवन के विविध मोड़ पर मनुष्य कभी न कभी अर्जुन बन जाता है(दुविधाग्रस्त, प्रश्नों से भरा, निर्णयों से विचलित) और ऐसे कठिन समय में हर बार गीता उसके सामने कृष्ण बनकर खड़ी हो जाती है(सत्य, विवेक और कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए)। यही कारण है कि गीता आज भी जीवित है, प्रासंगिक है, और मानव जीवन की सबसे स्थायी दिशा-दर्शक प्रकाश किरण है।



लेखक:
**प्रो.( डा ) मनमोहन प्रकाश**



## रोटी बच जाए तो टेंशन नहीं! ऐसे बनाएं टेस्टी सलाद

आप अपने सलाद में रोटी को क्रूटॉन की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका सलाद खाने में सुपर क्रंची लगेगा। फिर आप स्प्राउट्स सलाद बनाएं या फिर खीरा टमाटर सलाद, इस रोटी क्रूटॉन से टेस्ट को कई गुना बढ़ाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले रोटी को छोटे चौकोर या स्ट्रिप्स में काट लो। हम सभी के घरों में अमूमन ऐसा होता है कि मम्मी पहले ही रोटियां बना देती हैं, ताकि सभी लोग एक साथ खाना खा सकें। लेकिन जब डिनर खत्म होता है तो यह देखने में आता है कि अक्सर 2-3 रोटियां बच जाती हैं। ऐसे में समझ में नहीं आता कि बची हुई रोटियों का क्या किया जाए। अक्सर लोग बासी रोटी खाना पसंद नहीं करते हैं और उन्हें यूं ही बाहर फेंक देना भी समझदारी नहीं है। अधिकतर बासी रोटियों से उपमा या रोटी के लड्डू बनाए जाते हैं जो एक टाइम के बाद बोरिंग लगने लगते हैं। हो सकता है कि आप भी रोटी का उपमा या लड्डू खाकर बोर हो गए हों, तो अब आप उन्हें एक ट्विस्ट के साथ खाएं। जी हां, अपनी बची हुई रोटी को एकदम कैफे-स्टाइल सलाद में बदलकर खाया जाता है। रोटी का सलाद ना केवल हेल्दी होता है, बल्कि यह काफी टेस्टी और क्रंची भी लगता है और इसलिए एक बार रोटी का सलाद बनाने के बाद आपका बार-बार इसे बनाकर खाने का मन करेगा। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप रोटी की मदद से सलाद बनाकर किस तरह खा सकते हैं-

**रोटी क्रूटॉन सलाद** - आप अपने सलाद में रोटी को क्रूटॉन की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका सलाद खाने में सुपर क्रंची लगेगा। फिर आप स्प्राउट्स सलाद बनाएं या फिर खीरा टमाटर सलाद, इस रोटी क्रूटॉन से टेस्ट को कई गुना बढ़ाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले रोटी को छोटे चौकोर या स्ट्रिप्स में काट लो। अब एक पैन में थोड़ा ऑलिव ऑयल डालो और रोटी के टुकड़ों को धीमी आंच पर क्रिस्पी होने तक सेक लो। अब इसमें थोड़ा नमक, काली मिर्च, ऑरेगेनो या चाट मसाला छिड़क दो। आपके रोटी क्रूटॉन बनकर तैयार है। इसे किसी भी सलाद में डालकर उसे एक ट्विस्ट के साथ खाओ।

**रोटी चिप्स सलाद**- अगर आप अपने सलाद को एक हेल्दी नाचो-स्टाइल में खाना चाहते हैं तो ऐसे में रोटी चिप्स सलाद बनाएं। सलाद में ये हेल्दी नाचोस की तरह काम करते हैं जो सलाद को मजेदार और क्रंची बनाते हैं। इसके लिए आप पहले रोटी को ट्रायंगल में काटें। अब इसे बेक कर लो। करीबन 5-6 मिनट हर तरफ से बेक कर लो या फिर इन्हें पैन रोस्ट कर लो। अब इस पर थोड़ा पेपरिका, चाट मसाला, जीरा पाउडर डालकर टॉस कर दो। आप कॉर्न, प्याज व शिमला मिर्च की सलाद, राजमा या छोले सलाद या फिर गुआकामोले-स्टाइल सलाद के साथ इसे एन्जॉय कर सकते हैं।

# आंचलिक

## आंदोलन में जा रहे किसानों को कसरावद में रोका, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के 100 से अधिक किसानों को कसरावद से पहले रोक दिया गया, जब वे धार जिले के खलघाट में चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। इस कार्रवाई के विरोध में किसानों ने इंदौर रोड पर चक्काजाम कर नारेबाजी की और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला पदाधिकारी मुकेश पाटीदार ने बताया कि किसान शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन भारी वाहनों को सड़क पर चला रहा है, लेकिन किसानों के वाहनों को रोककर जाम लगने का बहाना बनाया जा रहा है। पाटीदार ने कहा कि पुलिस उन्हें जबरन रोक रही है, जिसके विरोध में उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया

इस आंदोलन के मद्देनजर खरगोन पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी के साथ अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। खलघाट में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ का एमएसपी पर उपज खरीदी, कर्जमाफी, खराब फसलों का मुआवजा सहित चार सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन चल रहा है। इस आंदोलन में निमाड़ और मालवा क्षेत्र के खरगोन, खंडवा, बड़वानी और धार जिलों से बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हो रहे हैं। किसान प्रतिनिधियों का कहना है कि उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं। शासन-प्रशासन और सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इस कारण उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

## एसआईआर सर्वे में लापरवाही, 4 अफसरों पर एक्शन, कलेक्टर ने एक-एक महीने का वेतन काटने के दिए निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत इन दिनों बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे है। जिसके लिए मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु व अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

**चार अधिकारियों की 1-1 महीने की सैलरी कटेगी**-निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले ऐसे 4 सेक्टर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने चारों सेक्टर अधिकारियों का एक-एक महीने का वेतन काटने संबंधी आदेश जारी किए हैं। इन अधिकारियों में दो पशु चिकित्सा अधिकारी, एक इंजीनियर और एक फूड सेफ्टी अधिकारी शामिल हैं। आदेश अनुसार, मांधाता विधानसभा क्षेत्र के इनपुन क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी विष्णु बिरला, हरसूद विधानसभा क्षेत्र के जूनापानी क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी विनय कुमार किरकेट्टा, खंडवा विधानसभा क्षेत्र के सूरजकुंड वार्ड के सेक्टर अधिकारी एवं उपयंत्री (आरईएस) कल्पना कोल्हे व पंधाना विधानसभा क्षेत्र के दुगवाड़ा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव मिश्रा शामिल हैं।



## इजराइली पद्धति से बदली खेती, कई तरह के फल उगाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा के घाटाखेड़ी में किसान राजसिंह ने कटिली झाड़ियों वाली जमीन को उपजाऊ बनाकर बेहतर खेती में बदल दिया है। इसके लिए उन्होंने पहले 2.5 एकड़ जमीन पर तालाब खुदवाया। बारिश के दौरान खेत का पानी तालाब में उतारा और इसमें ट्यूबवेल खुदवा कर 'पोली पॉन्ड' को भर दिया। 80 फीट लंबे, 40 फीट चौड़े और 15 फीट गहरे इस छोटे तालाब के निर्माण के साथ ही इन्होंने इजराइल की पद्धति अपनाई। 5 से 12 फीट की दूरी पर अलग-अलग प्रजाति फलों के पौधे लगाए। इससे अब खेत में बेहतर क्वालिटी के फलों का उत्पादन हो रहा है।



किसान राजसिंह ने बताया कि पहले कम वर्षा होने पर पानी की कमी से गेहूं की फसल सूख जाती थी। 10 साल पहले मैंने खेती का तरीका बदला। वॉटर हार्वेस्टिंग शुरू की। कम जमीन में ज्यादा उत्पादन लेने के लिए इजराइल की पद्धति अपनाई है। पौधों की दूरी 12 बाय 5 फीट रखी। इससे उत्पादन और फल की क्वालिटी दोनों ही अच्छी मिल रही है। खेत में आम के 3000 पौधे, सीताफल के 1500, जामुन के 100, नींबू के 400, जाम के 400 और बांस के 1200 पौधे लगाए हैं। इनमें देसी पारंपरिक गोबर खाद, नीम तेल एवं गोमूत्र का छिड़काव से अच्छी गुणवत्ता के फलों का उत्पादन हो रहा है।

**6 साल चलने वाला बालकुआ बांस लगाया**- किसान ने बताया कि हर सीजन में फलों को अच्छा उत्पादन हो रहा है। प्रयोग के तौर पर कुछ दिन पहले ही मैंने एक एकड़ जमीन में हड़प्पा कालीन कहे जाने वाला सोना मोती गेहूं लगाया है। रिसर्च सेंटर में इसका उत्पादन हो रहा है। क्षेत्र के किसानों को टमाटर और मिर्च के लिए बांस की जरूरत होती है।

## खंडवा में 10 दिन बाद लौटी ठंडक, कोहरा छाया, तेज हवा ने बढ़ाई ठिठुरन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा के मौसम में 10 दिन बाद एक बार फिर ठंडक लौट आई है। बीते 48 घंटे के भीतर रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। 28 नवंबर को रात का पारा 13.4 डिग्री था, जो गिरकर अब 9.4 डिग्री पर आ गया है। वहीं, दिन का तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। तापमान गिरने के साथ ही तेज हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। ऐसी स्थिति 21 नवंबर तक थी, जो अब फिर लौट आई है। शनिवार को दिन का तापमान 29.1 डिग्री और रात का तापमान 10.4 डिग्री रहा था। रविवार को ठंडक में और तेजी आई, जिससे दिन और रात का पारा करीब एक डिग्री और गिर गया। रात का तापमान 9 डिग्री के करीब दर्ज किया गया।

**उत्तर भारत में बर्फबारी, इसलिए बढ़ी ठिठुरन**- मौसम विशेषज्ञ डॉ. सौरव गुप्ता के अनुसार, उत्तर भारत में विक्षोभ के चलते बर्फबारी शुरू हो गई है। वहीं, दक्षिण के विक्षोभ का असर कम होने से उत्तरी हवाओं की स्थिति तेज हो गई है। हालांकि, अभी एकदम से तापमान कम नहीं होगा, बल्कि धीरे-धीरे गिरावट आएगी।

**सुबह 7 बजे तक कोहरा, 10 बजे खिली धूप**- मौसम में ठंडक की वापसी के साथ ही रविवार सुबह शहर में 7 बजे तक कोहरा छाया रहा। यही कारण रहा कि सुबह तक तेज ठंडक थी। सुबह 8 बजे के बाद हल्की और फिर 10 बजे तेज धूप खिल आई, जिससे ठंड का असर थोड़ा कम हुआ। यह तेज ठंडक फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। पिछले लगातार 10 दिनों से तेज धूप खिली होने के कारण खेतों में सिंचाई का दबाव बढ़ गया था।

## नर्मदा तट नया बसेरा, सुनहरे पंख वाले प्रवासी पक्षी चकवा पहुंचे निमाड़..

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मोरटक्का और ओंकार पर्वत के बीच बहती नर्मदा की सतह पर सुनहरे पंखों वाले चकवा-चकवी (ब्राह्मणी बतख) के जोड़ों ने डेरा जमा लिया है, जो निमाड़ में बढ़ती ठंड का संकेत है। गर्मियों में एशिया, यूरोप और अफ्रीका के उत्तरी हिस्सों में रहने वाला यह पक्षी सर्दियों में भारत आ जाता है।

भारतीय साहित्य में चकवा-चकवी प्रेम और वियोग के प्रतीक माने जाते हैं। मान्यता है कि ये दिन में साथ रहते हैं, लेकिन सूर्यास्त के बाद बिछड़ जाते हैं। कबीर के प्रसिद्ध दोहे में भी इनकी विरह वेदना का उल्लेख है।

इनकी आवाज कर्कश होती है और ये घोंसला नहीं



बनाते। मादा पहाड़ी सुराखों या जमीन पर घासफूस में अंडे देती है। घास-फूस, सेवर, अनाज, छोटी मछलियां और घोंघे इनका मुख्य भोजन हैं।

## शिवलिंग तोड़ने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, एसपी बोले- इन पर एनएसए भी लगाएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● ग्राम बिरोदा में शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शुक्रवार रात एक महादेव मंदिर में तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह कार्रवाई की। आरोपियों की पहचान फकीरा पिता फत्तु (34) और सिराज पिता इब्राहीम तड़वी के रूप में हुई है। दोनों बिरोदा के निवासी हैं। घटना पानी की टंकी के पास पाडला रोड स्थित इनाई माता मंदिर के समीप महादेव मंदिर में हुई थी। आरोपियों ने मंदिर के गुंबद, कलश, जलाधारी और महादेव जी की पिंडी को टिकम से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे हिंदू धर्म की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची थी।

### आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया था केस

भारत पिता पांडुरंग चौधरी निवासी वीआईपी नगर बिरोदा की शिकायत पर लालबाग थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 298 और 324-1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त, आरोपियों के खेतों में सिंचाई उपकरणों और फसलों को भी नुकसान पहुंचाने पर धारा 326 के तहत भी केस दर्ज किया गया।

बुरहानपुर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों ने सीसीटीवी से बचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की नजर से बच नहीं पाए।

# राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतिस्पर्धा का इंदौर में रंगारंग शुभारम्भ

दैनिक इंदौर संकेत




**इंदौर** ● मध्यप्रदेश की मेजबानी में राष्ट्रीय शालेय खेल प्रीतियोगिता का शुभारम्भ एमराल्ड हाईट्स स्कूल की डायरेक्टर हर्षिका सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं जेडी संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा अनीता चौहान की अध्यक्षता में इंदौर के एमराल्ड हाईट्स स्कूल में आज रंगारंग शुभारम्भ हुआ। शालेय खेल प्रतियोगिता में पुरे देश के 35 राज्य व यूनिट्स मिलाकर लगभग 850- 900 खिलाड़ी ऑफिसियल सहित उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के मीडिया प्रचार - प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार ने बताया कि इंदौर मध्यप्रदेश की मेजबानी में 01 से 04 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस स्पर्धा में 14 वर्ष बालक बालिका के यह टूर्नामेंट 04 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर एमराल्ड हाईट्स स्कूल की छात्राओ ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन ख्यात मंच संचालक सुनयना शर्मा ने किया वहीं आभार सहायक संचालक खेल हेमंत वर्मा ने माना।

इस अवसर पर सहायकसंचालक जेडी केसर सिंह डाबर व सुमनबाला चौहान, पूर्व प्रभारी डीएसओ घनश्याम करोले, प्राचार्य आर के कोरी, देवेंद्र रामिस, अनिल गोड़, प्रकाश गौड़, मीडिया प्रचार - प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार, अनुराग तिवारी, महेंद्र मेहराल, नीता वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# ब्रिसबेन में वापसी की तैयारी कर रहे स्टोक्स

**ब्रिसबेन (एजेंसी)** ● इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स पर्थ में एशेज क्रिकेट सीरीज की हार से उबरकर अब यहां 4 दिसंबर से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे। स्टोक्स 2010-11 में एंड्रयू स्ट्रॉस बाद एशेज जीतने वाले पहले इंग्लैंड के कप्तान बनना चाहते हैं और इसके लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे। इंग्लैंड को पर्थ में हार के बाद वापसी के लिए दिग्गज खिलाड़ियों ने कई प्रकार के टिप्स दिये हैं। जिससे स्टोक्स उत्साहित हैं। उनका लक्ष्य गेंदबाजी लाइनअप में विविधता लाना भी है। स्टोक्स टीम के सकारात्मक पक्ष को उभारना चाहते हैं। उनकी टीम ने पहले टेस्ट की पहली पारी में अच्छी बढ़त हासिल की और एक समय पर तीसरी पारी में बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रही थी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि टीम ने ऐसे अवसरों की भी पहचान की है जिससे वे पीछे रह गये थे। स्टोक्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि उस पहली हार के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक निराश होंगे पर ये पांच



मैचों की सीरीज है, और हमें चार मैच अभी खेलने हैं। हम पहला मैच हार चुके हैं पर हम अब भी सीरीज जीतना चाहते हैं। 'स्टोक्स ने कहा, 'हमने उस टेस्ट में कुछ अच्छी चीजें कीं। जिस तरह से हमने पहली पारी में प्रभावी गेंदबाजी की, और हम तीसरी पारी में 1 विकेट पर 100 रन ही बना पाये थे। इसके साथ ही हमने ऐसा स्कोर बनाया जिसे हमें लगा कि निश्चित रूप से उसका बचाव किया जा सकता है।'

## विलियमसन लखनऊ सुपर जायंट्स को सफलता दिला पायेंगे ?

**मुंबई (एजेंसी)** ● न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन 2026 आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स में एक नई भूमिका रणनीतिक सलाहकार के तौर पर नजर आयेंगे पर देखना होगा कि वे इसमें टीम को कितनी सफलता दिला पाते हैं। पिछले सत्र में सुपर जायंट्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। इससे टीम टीम मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया में लिखा,



विलियमसन का लखनऊ सुपर जायंट्स परिवार में रणनीतिक सलाहकार के रूप में स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उनकी नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक अंतर्दृष्टि, खेल की गहरी समझ और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें टीम के लिए अमूल्य बनाती है। न्यूजीलैंड टीम के पूर्व कप्तान विलियमसन को आईपीएल का अच्छा खासा अनुभव है। आईपीएल में एक खिलाड़ी के तौर पर भी उन्होंने 10 सीजन खेले हैं। 2015 से 2014 तक वे आईपीएल में खेले हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 2018 में 735 रन बनाकर वे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। साल 2022 तक वे सनराइजर्स के लिए खेले और टीम की कप्तानी भी की। साल 2023 और 2024 में वे गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे हालांकि तब वह एक ही मैच खेल पाये। वहीं साल 2024 में उन्हें दो मैच खेलने के लिए मिले थे।

# सीरियल किलर की गुत्थी सुलझाने आएंगी मिसेज देशपांडे

**मुंबई (एजेंसी)** ● माधुरी दीक्षित की अपकमिंग साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। माधुरी अपने 40 साल के फिल्मी सफर में पहली बार एक अलग तरह के चैलेंजिग रोल में दिखने जा रही हैं। माधुरी ने अपनी फिल्मों में अब तक रोमांस, डांस, गाना, कॉमेडी सब किया है लेकिन अब जो वो करने जा रही हैं, वो उन्होंने इससे पहले कभी नहीं किया है। ट्रेलर की शुरुआत माधुरी दीक्षित की फिल्म 'दिल तो पागल है' के गाने भोली सी सूरत...से होती है। पहली झलक में वह एक शख्स का मर्डर करने के बाद



उसे फांसी का फंदा पहनाती दिखती हैं। इसी के साथ शहर में लगातार हो रही मर्डर की घटनाओं ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। बताया जाता है कि ऐसा लग रहा है कि 25 साल पहले वाला सीरियल किलर जाग गया है। इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि असली सीरियल किलर 'मिसेज देशपांडे' जेल के अंदर है और बाहर लगातार मर्डर हो रहे हैं। मिसेज देशपांडे कहती हैं कि मैं अंदर हूं, बाहर कोई मेरी नकल कर रहा है। आखिरकार पुलिस इस सीरियल किलर को पकडने के लिए 'मिसेज देशपांडे' की मदद लेते हैं।

# ओटीटी ने दिया नए किरदारों का बड़ा मौका : मोना सिंह

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री मोना सिंह आजकल ओटीटी जगत में खूब चमक रही हैं। खास बात यह है कि मोना, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी, अब छोटे पर्दे से पूरी तरह दूरी बना चुकी हैं। उनका कहना है कि उन्होंने सोच-समझकर यह फैसला लिया है और अब वह टीवी पर वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। मोना का मानना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने न सिर्फ कलाकारों, बल्कि दर्शकों के लिए भी नए रास्ते खोले हैं। उनके शब्दों में, 'जिस तरह की कहानियां आज ओटीटी पर दिखाई जा रही हैं, वो टीवी पर संभव ही नहीं है। टीवी पर बहुत सेंसरशिप और रेस्ट्रिक्शन होते हैं, जिसके कारण एक्टर के रूप में कॉम्पलेक्स और चैलेंजिंग किरदार निभाने का मौका नहीं मिलता।' वह मानती हैं कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक्टर्स, राइटर्स और क्रिएटर्स को वह स्पेस दिया है जिसकी हमेशा से जरूरत थी। मोना ने यह भी बताया कि ओटीटी प्रोजेक्ट्स का वर्किंग स्ट्रक्चर काफी बेहतर है। 'तीन महीने में एक वेब शो करके आप ब्रेक ले सकते हैं और फिर ताजगी के साथ नए किरदार की तैयारी कर सकते हैं। यह मेरे लिए बेस्ट बैलेंस है। टीवी पर टाइमलाइन्स बहुत क्रेजी होती हैं, खासकर जब शो रोज प्रसारित होते हैं।



## उज्जैन संभाग

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुरुआत, गीता हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए - सीएम यादव

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● उज्जैन के दशहरा मैदान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को सीएम मोहन यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साधु-संत, स्कूली बच्चे और बटुक शामिल हुए। सुबह करीब 9 बजे सीएम मंच पर पहुंचे और संत रंगनाथाचार्य महाराज का स्वागत किया। इसके बाद पंडितों द्वारा गीता श्लोकों का पाठ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने गीता और श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा ने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी, जहां अमीर-गरीब का कोई भेदभाव नहीं था। यह विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। सीएम ने कहा कि गीता एक पवित्र ग्रंथ है, जिसे पाठ्यक्रम में विशेष महत्व दिया गया है। गीता ऐसी पुस्तक है जो हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए, क्योंकि वास्तविक और प्रैक्टिकल ज्ञान गीता से प्राप्त होता है।

सीएम ने आगे कहा कि उन्हें विधानसभा सत्र के लिए रवाना होना है। दोपहर में वे भोपाल में होने वाले गीता महोत्सव में शामिल होंगे और शाम को इंदौर में गीता





भवन का लोकार्पण किया जाएगा। दशहरा मैदान में प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन होगा। वहीं इंदौर में गीता जयंती के अवसर पर बास्केटबॉल क्लब में गीतानुरागियों द्वारा गीता पाठ किया जा रहा है।

**3 दिन होंगे अलग-अलग कार्यक्रम**- प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जेल विभाग, श्री कृष्ण पाथेय न्यास एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान में तीन दिन तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों के सानिध्य में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्?वर पाठ होगा। प्रतिदिन श्री कृष्ण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार 2 दिसंबर को नई दिल्ली की कलाकार वैष्णवी शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा। बुधवार 3 दिसंबर को विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

**प्रदेशभर में होंगे आयोजन**- मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ होगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन हो रहा है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी।

**गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं**- वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने कहा कि गीता जयंती 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। यह महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा।

# सिंहस्थ से पहले संतों में दो फाड़, रामादल अखाड़ा परिषद बनाया:महंत रामेश्वरदास बने अध्यक्ष



दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन में साधु-संतों के बीच बड़ा मतभेद सामने आया है। रविवार को हुए नाटकीय घटनाक्रम में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद शेव (शैव) और वैष्णव संप्रदाय के अखाड़ों में स्पष्ट तौर पर दो फाड़ हो गए हैं।

वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर नया संगठन रामादल अखाड़ा परिषद बनाने की घोषणा कर दी है। साधु-संतों का कहना है कि अब सिंहस्थ से जुड़े किसी भी मुद्दे पर प्रशासन से बातचीत वे शेव अखाड़ों के साथ नहीं करेंगे, बल्कि अपनी अलग बात रखेंगे।

### आपात बैठक में लिया निर्णय

रविवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरिगिरि महाराज उज्जैन पहुंचे थे। दोपहर में शिप्रा नदी किनारे दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, उपाध्यक्ष महंत आनंदपुरी महाराज और प्रवक्ता महंत श्याम गिरी महाराज ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

स्थानीय परिषद के भंग होने की सूचना के बाद मंगलनाथ रोड स्थित श्री पंच रामानंदीय निर्मोही अखाड़े में वैष्णव संप्रदाय से जुड़े निर्मोही अणि अखाड़ा, दिगंबर अणि अखाड़ा और निर्वाणी अणि अखाड़ा के महंतों और महामंडलेश्वरों ने बैठक की। लगभग एक घंटे चली इस बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय अखाड़ा परिषद को पूर्ण रूप से भंग कर नए रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया जाएगा और उसके पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### शैव अखाड़ों के साथ कोई संबंध नहीं

रामादल अखाड़ा परिषद के संरक्षक भगवान दास ने कहा कि पहले जैसे स्थानीय अखाड़ा परिषद की तरह रामादल अखाड़ा परिषद भी काम करती रहेगी। नया रामादल अखाड़ा बनाया है, जो त्याग पत्र दिया मुझे नहीं दिया। शैव अखाड़ों के संतों को असंतुष्ट देखते हुए अखाड़ा परिषद को भंग कर दिया है। आज से शैव सम्प्रदाय से हमारा कोई संपर्क नहीं रहेगा। वैष्णव सम्प्रदाय के तीनों अखाड़े, निर्मोही और दिगंबर और निर्वाणी का रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया। अब आगे कुंभ के लिए प्रशासन के साथ होने वाली बैठकों में रामादल अखाड़ों की ओर से हम जाएंगे। शैव सम्प्रदाय के साथ हमारी बैठक नहीं होगी हमारी अलग करेंगे।

# मासूमों को सड़क किनारे छोड़कर मां लापता, पुलिस सीसीटीवी से महिला की तलाश में जुटी

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● एक महिला अपने दो मासूम बच्चों को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गई। ठंड में ठिठुर रहे दोनों बच्चों को राहगीरों की सूचना पर देवासगेट थाना पुलिस अपने साथ थाने ले आई। वहां स्टाफ ने बच्चों के लिए गर्म कपड़े मंगाए और खाने-पीने की व्यवस्था की। थाने में मौजूद बच्चे बार-बार अपनी मां को याद करते रहे। सोमवार सुबह करीब सात बजे कुछ राहगीरों ने पुलिस को बताया कि दो छोटे बच्चे कम्बल में लिपटे सड़क किनारे सो रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ में मालूम हुआ कि रातभर मां बच्चों के साथ थी, लेकिन सुबह उन्हें वहीं छोड़कर कहीं चली गई। थाने पहुंचने के बाद बच्चों की पूरी देखभाल की गई और उन्हें नए गर्म कपड़े पहनाए गए। थाना परिसर में दोनों बच्चे चॉकलेट और नए कपड़े मिलने पर



खुश दिखे। इस दौरान जब 4 साल के कान्हा से पूछा गया कि वह कहां रहता है और उसकी मां कहां गई है, तो उसने मासूमियत से जवाब दिया और कहा मम्मी के पास रहता हूं...और मम्मी शराब लेने गई है।

**सीसीटीवी से तलाशेगी पुलिस**- थाना प्रभारी अनिल पराशर ने बताया कि महिला अपने 4 साल के बेटे कान्हा और 3 साल की बेटी काली को सड़क किनारे छोड़कर चली गई। बच्चों को रोता देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। देवासगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को थाने ले आई। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर महिला की पहचान और लोकेशन पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल दोनों बच्चों को ष्ट्ङ्घष्ट के सुपुर्द किया जा रहा है। महिला ने अपने बच्चों को क्यों छोड़ा, इसका कारण पता लगाया जा रहा है।

## ब्रह्मलीन हुए अघोरी बाबा योगी बमबम नाथ, बाबा महाकाल से ली अंतिम विदाई

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● तांत्रिक अघोरी बाबा योगी बमबम नाथ महाराज को डोले में बैठाकर सुबह 2.30 बजे श्री महाकाल से अंतिम विदाई दी गई। ब्रह्मलीन होने के बाद नाथ संप्रदाय की परंपरानुसार उनका डोल चक्रतीर्थ श्मशान से रात 1.30 बजे शुरू हुआ और रात 2.30 बजे भगवान महाकाल के द्वार तक पहुंचा। बमबमनाथ रोज महाकाल दर्शन करने जाते थे। महाकाल से विदाई लेकर पार्थिव शरीर भीलवाड़ा स्थित मुख्य आश्रम ले जाया गया। जहां समाधि दी। बाबाजी के शिष्य योगी सोमवार नाथ और खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ ने बताया कि योगी बमबम नाथ महाराज कुछ दिनों से अस्वस्थ थे, जिसके कारण ही वह ब्रह्मलीन हो गए। खड़ेश्वरी अघोरी बाबा विष्णु नाथ ने बताया हमारे गुरु बमबम नाथ परम तपस्वी और श्मशानवासी थे। कई वर्षो से वे प्रतिदिन भगवान महाकाल की भस्मार्ती में शामिल होते थे। आधी रात को घनघोर तपस्या करते थे। उनके जैसा तपस्वी इस उज्जैन नगरी में ना कभी हुआ ना होगा। अघोरी बाबा हमेशा चक्रतीर्थ श्मशान उज्जैन में रहकर अघोर तपस्या करते थे। उज्जैन शहर के चर्चित नागा साधु और बाबा महाकाल के भक्त बाबा बमबम नाथ लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

न्यूज ब्रीफ

## घोटाला : ईडी ने 70 करोड़ रुपये से ज़्यादा की संपत्ति ज़ब्त की

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने करोड़ों रुपये के शराब फर्जी चालान घोटाला मामले में 70 करोड़ रुपये से ज़्यादा की 28 अचल संपत्तियों की अस्थायी ज़ब्तगी का आदेश जारी किया है। अस्थायी रूप से ज़ब्त की गई संपत्ति, जिसमें इंदौर, मंदसौर और खरगोन में स्थित ज़मीन के टुकड़े और फ्लैट शामिल हैं, विभिन्न शराब ठेकेदारों की हैं। एक आधिकारिक प्रेस नोट में कहा गया है कि अपराध की आय के रूप में पहचानी गई इन ज़ब्त संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य 70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईडी ने इंदौर के रावजी थाने में कई शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर कथित घोटाले की जांच शुरू की थी। आरोपियों पर जालसाजी और ट्रेजरी चालान में हेराफेरी करके राज्य सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया गया था।

## जहां पढ़ा रहे हैं वहां बाह्य परीक्षक नहीं बन सकेंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • ऐसे शिक्षक जो जिस संस्थान में पढ़ा रहे हैं वहां पर वे बाह्य परीक्षक नहीं बन सकेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कहा है कि मौखिक परीक्षा कार्य उसी विषय के शिक्षक, जो विश्वविद्यालय से संबद्ध हो, को परिनियम 29 के प्रावधान अनुसार आमंत्रित कर परीक्षा कार्य करवाया जाना है। प्राचार्य स्वयं के महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रुप में नियुक्त नहीं कर सकते। जिन बाह्य परीक्षकों से मौखिक परीक्षा करवाई जाएगी उनके नाम, पद व महाविद्यालय का नाम आदि की सूची विश्वविद्यालय को भेजी जाए। सभी के अंक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अज्ञनलाइन दिए जाए, एक प्रति हार्डकॉपी कम्प्यूटर सेंटर डीएवीवी को दी जाए। अंक जमा करने की तारीख अलग से जारी की जाएगी।

# एसआईआर में 1.84 लाख मतदाताओं की मैपिंग नहीं, नोटिस से मिलेगा मौका

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के लिए एसआईआर की समयावधि सात दिन बढ़ा दी है। इंदौर जिले में एसआईआर को लेकर काफी तेज़ गति से काम किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस काम की लगातार मॉनिटरिंग की है। नोडल अधिकारी आईएएस पवार नवजीवन विजय ने इसे प्राथमिकता में लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि इंदौर में 77 फीसदी काम हो चुका है। इंदौर के 20 लाख मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण किया जा चुका है।



### मप्र में 94 फीसदी काम पूरा

मप्र में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का 94 फीसदी काम हो चुका है। मप्र के अशोकनगर, नीमच, गुना, बैतूल, मंडला, सीहोर, उमरिया, शाजापुर जिले में 100 फीसदी काम पूरा कर चुके हैं। सीधी, डिंडोरी, उमरिया, बड़वानी, मंदसौर, बुरहानपुर, आगर-मालवा, पन्ना जिले भी 98-99 फीसदी पर आ गए हैं।

### मतदाता सूची प्रकाशन के पहले जाएंगे नोटिस

मतदाता सूची प्रकाशन (16 दिसंबर) के पहले मैपिंग नहीं होने वाले मतदाताओं को नोटिस जाएंगे। एमपी में 5.74 करोड़ मतदाताओं में से 24.20 लाख मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है। इंदौर जिले में अभी की स्थिति में यह संख्या करीब 1.84 लाख है। लेकिन काम पूरा होने तक यह ढाई लाख तक पहुंचने की संभावना है।

### इस तरह के नोटिस जाएंगे-

इंदौर जिले में 28.67 मतदाताओं में से 20 लाख मतदाताओं के स्ढक्रका काम पूरा हो गया है। मैपिंग 1.84 लाख की नहीं मिली है। यानी यह वह मतदाता है जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं थे। इनके परिजन भी इस सूची में नहीं मिले हैं। ऐसे में इन मतदाताओं को 12 से 15 दिसंबर के बीच में नोटिस जाएंगे। इन्हें तय 11 दस्तावेज में से एक देकर फार्म भरकर नोटिस का जवाब देना होगा। इसके बाद मतदाता सूची जारी होने (16 दिसंबर) पर उनके नाम जुड़ सकेंगे।

### यह संख्या 2.50 लाख से ज्यादा होगी

इंदौर के अभी तक के 20 लाख मतदाताओं के एसआईआर काम में 1.94 लाख मतदाताओं की मैपिंग नहीं मिली है। यह 6.77 फीसदी है। माना जा रहा है कि बाकी बचे 8 लाख मतदाताओं में भी इसी हिसाब से करीब 50 हजार मतदाता और मिलेंगे। यानी जिले में ढाई लाख से अधिक मतदाताओं को आयोग की साइट से आटोमेटिक नोटिस जनरेट होंगे। अभी की स्थिति में 20 लाख मतदाताओं में से 8.21 लाख मतदाताओं के नाम 2003 की सूची में मिले हैं। 10 लाख से ज्यादा मतदाता वह है जिनके परिजनों के नाम सूची में मिल गए हैं।

### बीएलओ ही पहुंचाएगा यह नोटिस

यह नोटिस बीएलओ द्वारा ही मतदाता को पहुचाएं जाएंगे। क्योंकि 12 से 16 दिसंबर के बीच में काफी कम समय है। ऐसे में वह हाथों हाथ मतदाता से यह दस्तावेज ले फार्म भरवाकर चुनाव अधिकारी के सामने पेश करेंगे। अधिकारी इन दस्तावेजों के आधार पर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने के लिए अनुमोदन देगा। इसके बाद फिर से नाम सूची में जुड़ेगा।

### इंदौर से शिफ्ट हो गए 1 लाख मतदाता

अभी तक की स्ढक्रके अनुसार इंदौर जिले में 1 लाख से ज्यादा मतदाता शिफ्ट होकर अन्य जगह चले गए हैं। 30 हजार मतदाता मिल नहीं रहे हैं। सूची में दर्ज 31 हजार से अधिक मतदाताओं की मौत हो चुकी है। करीब 11 हजार मतदाता दो बार सूची में दर्ज है। इस तरह 1.81 लाख मतदाताओं का कोई ठिकाना नहीं मिला है। ऐसे में इनके नाम भी सूची से हटेंगे।

### सांवेर ने किया 100 फीसदी काम पूरा

इंदौर जिले में सबसे पहले 100 फीसदी काम सांवेर तहसील ने पूरा किया है। एसडीएम घनश्याम धनगर की विधानसभा इस मामले में शुरू से ही नंबर वन थी। आखिर में पहले काम करके दिखाया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने लगातार बैठकें, जागरूकता कैंप पर जोर दिया,हेल्प डेस्क जैसे कदम उठाए। नोडल अधिकारी आईएएस पवार नवजीवन विजय ने लगातार फालोअप कर इंदौर में तेजी से काम करवाया।

विधानसभा देपालपुर 88 फीसदी काम के साथ दूसरे नंबर पर है। इसके बाद 87 फीसदी काम के साथ महू है। माना जा रहा है कि दो दिन में यह भी 100 फीसदी काम पूरा कर लेंगे। शहरी विधानसभाएं अभी 67 से 80 फीसदी के बीच चल रही है। सबसे पीछे विधानसभा एक है जो 67 फीसदी पर है।

# यशवंत क्लब को संपत्ति कर केस में राहत मल्टी का नक्शा पास होगा, निगम को झटका

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर के यशवंत क्लब को संपत्ति कर केस में बड़ी राहत मिली है। इस मामले में तत्कालानी चेयरमैन पम्मी छाबड़ा ने नगर निगम के संपत्तिकर डिमांड के खिलाफ हाईकोर्ट में पहले ही याचिका दायर की हुई थी। फिर क्लब के नए भवन के नक्शा पास नहीं होने पर वर्तमान क्लब सचिव संजय गोरानी ने याचिका दायर की थी। दोनों याचिकाओं पर हुई संयुक्त सुनवाई में क्लब को बड़ी राहत मिली है।




साल 2020-21 के दौरान इंदौर नगर निगम ने क्लब की नपती कर संपत्तिकर की डिमांड निकाली थी। इसके खिलाफ तत्कालीन चेयरमैन पम्मी छाबड़ा ने याचिका की थी जिसमें अंतरिम आदेश हुए कि 30 फीसदी डिमांड राशि भर दी जाए, अंतिम निराकरण याचिका में होगा।

वहीं संपत्तिकर विवाद चलते रहने के दौरान क्लब में नए सदस्य बने और इस राशि से क्लब में नए भवन को बनाने के लिए निगम में आवेदन लगा। लेकिन निगम के पोर्टल में पुराने बकाया संपत्ति कर के कारण नक्शा पास करने से मना कर दिया। इस पर सचिव संजय गोरानी ने याचिका दायर की।

**हाईकोर्ट ने यह किए आदेश**-हाईकोर्ट ने 21 नवंबर को हुई सुनवाई में दोनों याचिकाओं को जोड़ दिया और इसमें एक दिसंबर (सोमवार) को सुनवाई हुई। इसमें क्लब की ओर से बताया गया कि नक्शा पास नहीं हो रहा है, क्योंकि निगम का पोर्टल बकाया संपत्तिकर बता रहा है और इसके चलते नक्शा पास नहीं किया जा रहा है।

क्लब की ओर से बताया गया कि निगम की संपत्ति कर डिमांड 69 लाख थी, जबकि इससे ज्यादा ही क्लब ने भर दिया था, जबकि हाईकोर्ट ने केवल 30 फीसदी भरने के निर्देश दिए थे। इस पर जस्टिस प्रणय वर्मा ने डायस से कहा कि जब नया भवन बनेगा तो उस पर गणना कर नया टैक्स की गणना निगम कर सकता है। पूर्व के केस के चलते नए नक्शे को नहीं रोका जा सकता है, जबकि याचिकाकर्ता टैक्स भर चुका है।

इसलिए निगम पोर्टल ऑन कर नक्शे की प्रक्रिया करे और जो संपत्तिकर आएगा उसे संबंधित याचिकाकर्ता द्वारा भरा जाएगा। हालांकि, अभी औपचारिक फैसला आना बाकी है, लेकिन डायस पर ही हाईकोर्ट बेंच द्वारा आर्डर की जानकारी दी गई।

# बीआरटीएस की एक साइड की रेलिंग 15 दिन में हटाने के आदेश, हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**इंदौर • इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

इंदौर बीआरटीएस हटाने के आदेश फरवरी 2025 में होने के बाद भी बीआरटीएस नहीं हटा है। इसे लेकर इंदौर हाईकोर्ट खंडपीठ में एक दिसंबर (सोमवार) को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर शिवम वर्मा और निगमायुक्त दिलीप यादव दोनों उपस्थित रहे। इंदौर में बीआरटीएस 11.70 किमी है। निगमायुक्त यादव ने बताया कि बीआरटीएस हटाने के लिए एजेंसी तय हो गई है। उन्हें 7 नवंबर को काम दे दिया गया है जो तीन माह में बीआरटीएस को हटाएगी। हटाने के बाद डिवाइडर बनाने के लिए एजेंसी तय करने का काम जारी है। वहीं बीआरटीएस की एक साइड 15 दिन में हटा दी जाएगी।



**हाईकोर्ट ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट**- जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों के पक्ष सुनने के बाद आज आदेश से 15 दिन में BRTS की एक साइड क्लियर करने के निर्देश दिए। साथ ही इस मामले में अधिवक्ताओं की एक कमेटी गठित कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा। इसमें अधिवक्ता एनएस भाटी, कौस्तुभ पाठक, अजय राज गुप्ता, प्रद्युम्न किबे और जय शर्मा को नियुक्त किया।

**इन मुद्दों पर भी हुई बात**- वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने अतिक्रमण, अवैध धार्मिक स्थल निर्माण, तेज लाउडस्पीकर और डीजे का मुद्दा उठाया। उन्होंने इंदौर के खतरनाक ट्रैफिक और कम पुलिसकर्मियों से हो रही परेशानी भी साझा की। हाईकोर्ट बेंच ने कहा, याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अगली सुनवाई पर शिकायतें प्रस्तुत करें। इससे सुनवाई संभव हो सकेगी।

इंदौर की सराफा चौपाटी का मामला

# प्रतिवेदन मिलने पर करेंगे दुकानों की जांच-एमआईसी मेंबर

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर में पिछले कई दिनों से सराफा चौपाटी का मामला गरमाया हुआ है। यहां पर 69 दुकानों को ही परमिशन दी गई है। नगर निगम ने इन्हें नंबर भी अलॉट कर दिए हैं। हालांकि एमआईसी मेंबर निरंजन सिंह चौहान का कहना है कि दुकानों की संख्या सराफा चौपाटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सराफा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बनाई है। कई चौपाटी वाले आकर मिले हैं। इसके अलावा भी वे कई जनप्रतिनिधियों से मिले हैं। जिन चौपाटी वालों का कहना है कि उनकी दुकानें सालों पुरानी है, मगर उनका 69 दुकानों में नाम नहीं है। ऐसे चौपाटी वालों को कहा गया है कि वे नगर निगम में प्रतिवेदन दें।

वे बोले कि जो चौपाटी व्यापारी प्रतिवेदन देंगे उन दुकानों की जांच करवाई जाएगी। ये पता किया जाएगा कि वाकई उनकी दुकानें कितने सालों से यहां लग रही है। इसके साथ ही आसपास के दुकानदारों से भी जानकारी ली जाएगी। जिसके बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। कई चौपाटी वालों ने अपनी चौपाटी को सालों पुराना बताया है। उन्होंने बताया कि जिन्हें यहां पर जगह नहीं मिलेगी उन्हें सराफा के आसपास के इलाके में ही अपना व्यापार चलाने के लिए जगह दी जाएगी।

# ट्रेनों जैसी हालत हो गई है फ्लाइटस् की आ-जा रही हैं लेट, यात्री हो रहे अपसेट रनवे की मरम्मत का काम चलने से भी आ रहीं परेशानी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • सोमवार सुबह से ही इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को फ्लाइट में देरी का सामना करना पड़ा। इंदौर आने-जाने वाली कई फ्लाइटें निर्धारित समय से लेट रवाना हुई। इंदौर आने वाली फ्लाइटों में भी परेशानी रही। दिल्ली से इंदौर आने वाला विमान भी देरी से पहुंचा। इंदौर से जाने वाली अहमदाबाद उड़ान भी कंपनी ने निरस्त की। रनवे की मरम्मत का काम चलने से रात को लेट होने वाली उड़ानों को निरस्त करना पड़ रहा है।

इंदौर एयरपोर्ट पर 10.30 बजे के बाद उड़ानों के लिए बंद कर




दिया जाता: इंदौर एयरपोर्ट पर रनवे की मरम्मत का काम चलने से रात साढ़े दस बजे एयरपोर्ट को उड़ानों के लिए बंद कर दिया जाता है। इसके कारण अक्सर रात को लेट होने वाली उड़ानों को निरस्त करना पड़ रहा है। इस कारण से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। कंपनी की फ्लाइट रात 9.40 बजे अहमदाबाद से इंदौर आती है और 10.10 बज अहमदाबाद के लिए रवाना होती है। लेकिन कंपनी ने अहमदाबाद से आने वाली उड़ान के लेट होने पर इसे निरस्त कर दिया जिसके कारण इंदौर से जाने वाली उड़ान को भी निरस्त करना पड़ा। हाल ही में मुंबई, जबलपुर और हैदराबाद की फ्लाइटें भी समय पर नहीं पहुंचीं थी। इंदौर से रवाना होने वाली फ्लाइट में मुंबई, गोंदिया और हैदराबाद की लगभग एक घंटा देरी से रवाना हुई थी बेंगलूरु जाने वाली फ्लाइट तो 45 मिनट देरी से उड़ी, जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा था।

### पहले भी कई फ्लाइटें हो चुकी लेट

एयरपोर्ट पर सुबह यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। मुंबई जाने वाली पहली फ्लाइट निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से रवाना हुई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि देरी ऑपरेशनल कारणों से लेट हुई। वहीं, शाम 4.40 बजे मुंबई के लिए रवाना होने वाली दूसरी फ्लाइट भी करीब 2 घंटे लेट हुई, जिससे यात्रियों में नाराजगी दिखी। इसके अलावा हैदराबाद और दिल्ली जाने वाली उड़ानें भी लगभग आधे घंटे की देरी से उड़ीं। देरी का असर वापसी उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली से इंदौर आने वाली शाम 4 बजे की फ्लाइट करीब एक घंटा देरी से पहुंची। लगातार देरी के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस प्रबंधन ने कहा कि उड़ानों का संचालन जल्द सामान्य कर दिया जाएगा।

# क्रिश्चियन कॉलेज प्रिंसिपल अमित डेविड कई बिल्डर से कर चुके करोड़ों के सौदे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर के 130 साल पुराने क्रिश्चियन कॉलेज में 500 करोड़ की जमीन को लेकर मामला उलझा हुआ है। इसमें चल रहे नक्शा पास कराने के खेल और कलेक्टर आफिस में चल रही जांच का खुलासा किया था। इस जमीन को भले ही सरकारी जमीन माने जाने का विवाद चल रहा है, लेकिन यहां पर करोड़ों के सौदे औपचारिक रूप से हो चुके हैं।

### इतने बिल्डरों से हो चुके सौदे

बिल्डरों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अमित डेविड यहां पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स (खासकर आफिस, दुकान) को लेकर पहले ही सौदे कर चुके हैं। इंदौर के करीब 6-7 बिल्डरों से यह सौदे छोटे नहीं बल्कि करोड़ों के हुए हैं। हालांकि, नंबर एक में कागज पर यह सौदे कम बताए गए हैं लेकिन बाजार कीमत से इसमें राशि अलग से देय हुई है, जो करोड़ों में है। जबकि जमीन का स्वामित्व ही विवादों में हैं।

### सरकारी जमीन पर सौदे का मामला गंभीर

जिला प्रशासन इसे सरकारी जमीन के रूप में मान्य कर रहा है और इसी के चलते टीएंडसीपी पर भी रोक लगाई गई है। कलेक्टर कोर्ट में केस भी चल रहा है। लेकिन पर्दे के पीछे सरकारी मानी जा रही इस जमीन पर इंदौर के कई बिल्डर के साथ कागजों पर डॉ. डेविड सौदे कर चुके हैं। नियम के अनुसार यह धोखाधड़ी के रूप में आता है, बिल्डर के साथ भी और शासन के साथ भी। क्योंकि शासकीय जमीन का निजी सौदा नहीं हो सकता है।

### कमिश्नर संजय दुबे के समय से चल रहा मामला

कॉलेज की पूरी फाइल निकाली है। इसके अनुसार यह पूरी कहानी टीएंडसीपी द्वारा 23 दिसंबर 2015 को इसका नक्शा पास करने से शुरू हुई थी।



यह जमीन 1 दिसंबर 1887 में अस्पताल और स्कूल काम के लिए होलकर राज्य से मिली थी। यहां 1895 से कॉलेज संचालित है। क्रिश्चियन कॉलेज इंदौर कस्बा सर्वे नंबर 407/1669/3 कुल 68.303 हेक्टेयर में से 1.702 हेक्टेयर पर बना है। इसका प्लाट नंबर 1 मुराई मोहल्ला है। जो इंडियन कनेडियन प्रेस बिटेरियन मिशन तर्फे प्रिंसीपल क्रिश्चियन कॉलेज इंदौर 1 मुराई मोहल्ला संयोगितागंज के नाम से रिकार्ड में है।

23 दिसंबर 2015 को कमर्शियल काम्पलेक्स का नक्शा टीएंडसीपी में पास हुआ। इसके बाद नक्शा संशोधन के लिए फिर से टीएडंसीप में आवेदन लगा। इसी दौरान सचिव इंडियन कनेडियन प्रेस बिटेरियन मिशन तर्फे सचिव सुधीर एस जान कालिंदी कुंज पिपल्याहाना इंदौर द्वारा शिकायत की गई। हालांकि, बाद में जान और कॉलेज के बीच समझौता हो गया। मामला तत्कालीन संभागायुक्त संजय दुबे की कोर्ट में गया। यहां पर 20 जनवरी 2017 में संभागायुक्त कोर्ट ने टीएंडसीपी के नक्शा पास को ही गलत बताया और इसमें स्वामित्व का मुद्दा उठाया। साथ ही कलेक्टर इंदौर को इस जमीन के स्वामित्व की जांच के औपचारिक आदेश दिए। साथ ही टीएडंसीपी से पास नक्शा और संशोधन के लिए लगा आवेदन दोनों को निरस्त कर दिया। संभागायुक्त ने साफ लिखा कि नक्शा स्वामित्व के आधार पर नहीं केवल सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर पास कर दिया गया। जबकि जमीन तो दान में मिली थी और इसमें जमीन का उपयोग भी साफ तौर पर अस्पताल व स्कूल लिखा है, व्यावसायिक उपयोग की कहीं भी मंजूरी नहीं है। कलेक्टर इंदौर यदि पाता है कि जमीन का अलग उपयोग हो रहा है तो इस जमीन को शासकीय रूप में दर्ज करें। मामला हाईकोर्ट गया, जहां अगस्त 2017 को बिना नोटिस दिए आदेश के चलते संभागायुक्त के आदेश को क्वैश किया गया। फिर टीएंडसीपी में नक्शा पास कराने के लिए क्रिश्चियन कॉलेज गया, लेकिन इस मामले में टीएडंसीपी ने जिला प्रशासन कलेक्टर को पत्र लिखकर अभिमत मांगा, इस पर कलेक्टर की ओर से साफ पत्र गया कि इसमें स्वामित्व का विवाद है और इसकी जांच की जा रही है। इसलिए कोई नक्शा पास नहीं किया जाए, लेकिन लगातार कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीएंडसीपी और प्रशासन को पत्र लिखे गए। इसमें लगातार प्रशासन ने साफ लिखा कि जमीन के टाइटल को लेकर जांच हो रही है, मंजूरी अभी होल्ड की जाए। इस मामले में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने इसमें कमेटी बनाकर पूरी जांच कराई और इसमें आया कि जमीन शासकीय है, क्योंकि दान में मिली थी और इसमें शर्त थी कि दान/लीज की शर्तों का उल्लंघन करने पर राज्य के उत्तराधिकारी को जमीन जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।